हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 28.7 डिग्री

न्यूनतम 10.4 डिग्री




शिक्षा जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला होनी चाहिए : दुबे 10



खुरसुल के पास मनगटा जंगल सफारी मार्ग बना मौत का रास्ता 11




## खबर संक्षेप



### मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के 2 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** मंदिर में चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्गा गणेश मंदिर मटका लाईन, कैम्प 2 स्थित मंदिर में बीते दिनों चोरी की वारदात हुई थी। जिसकी शिकायत समिति के अध्यक्ष ने पुलिस से किया था। अज्ञात ने मंदिर में हनुमान की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट, स्टील का बर्तन, लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति समेत अन्य सामान पार हो गया था। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई। पुलिस ने सीसी टीवी को खंगालना शुरु किया तो मुखबिर ने बताया कि दो लोग इस्पात नगर रिसाली निवासी रीना द्विवेदी और बालमुकुंद सोनी को पकड़ा गया। दोनों से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

### हाईवे की रेलिंग तोड़ने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार



**भिलाई।** हाइवे रोड का रेलिंग तोड़ने वाले ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नेहरू नगर भिलाई निवासी दुर्गेश राजपूत ने शिकायत किया था। दुर्गेश हाईवे में इंजीनियरिंग का काम करता है। बाफना टोल प्लाजा से राजनांदगांव जा रही ट्रक ट्रेलर एमएच 40 सीएम 9454 के चालक तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खपरी नाला मे लगी रेलिंग तोड़ दिया। जबकि वो सार्वजनिक संपत्ति है। घटना में रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गया है।अंजोरा पुलिस ने चालक होशियारपुर पंजाब निवासी जसदीप सिंह को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ धारा 281 बीएनएस, लोक सम्पत्ति का नुकसानी का निवारण अधिनियम 1984 की धारा 03 एवं 184 मो.व्ही.ए. के तहत अपराध कायम किया है।

# इंस्टाग्राम पर मिस यू पापा का स्टेटस लगाया, फिर हादसे में मौत

## जामुल थाना क्षेत्र की घटना, तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होने से हुई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। घटना में एक की मौके पर मौत हो गई। वहीं तीन युवक घायल है। हादसा जामुल पुलिस थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात को हुआ है। खबर लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।

जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 17 पांच रास्ता सुपेला निवासी प्रवीण कुमार कार में अपने तीन दोस्तों के साथ सवार होकर कचांदुर जाने के लिए निकला था। लेकिन अचानक कार अनियंत्रित होकर जामुल बोगदा पुल के पास एक बिजली पोल में जा भिड़ी हादसे में प्रवीण की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार यवकों को भी गंभीर चोटे आई है। मृतक के पिता की मौत पहले हो चुकी है।

प्रवीण ने हादसे से पहले अपने इंस्टग्राम में मिस यू पापा बहुत याद आ रही है आज आपकी, आकर मुझे भी अपने साथ ले जाओ ना का स्टेटस लगाकर रखा था। स्टेटस को डाले करीब 20 घंटे बाद प्रवीण की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनोंके मुताबिक 3 माह पूर्व मृतक के पिता किसी बीमारी से निधन हुआ था। पिता के निधन के बाद से प्रवीण मानसिक रूप से टूट चुका था।



### 13 दिन में आधा दर्जन से अधिक मौत

सड़क सुरक्षा माह चलने के बाद भी जिले में सड़क हादसों पर लगाम नहीं लग पाया है। रोज हादसे में लोगों की मौत हो रही है। 13 दिन में जिले में आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो रही है। अब तक हादसों में सबसे बड़ा कारण नशा, तेज रफ्तार है। इसे लेकर ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर लोगों को समझाइश तो दे रही है लेकिन हादसों को रोकने का बड़ा प्रयास नए साल में नहीं हो पा रहा है। रात के अंधेरे में सड़क पर खडे भारी वाहन चालक अपना इंडिकेटर तक नहीं जला रहें है। कई दो पहिया चालक हादसों का शिकार हो रहें है।

## पोर्टल दोबारा खुला : किसानों को 15 जनवरी तक पंजीयन कराने का मौका

# रबी फसल बीमा करवाने इस बार 135 प्रतिशत ज्यादा अर्जी, रकबा भी बढ़ा

## गेहूं, सरसों, चना को अधिसूचित फसलों में शामिल कर प्रीमियम निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रधानमंत्री रबी फसल बीमा करवाने में दुर्ग जिले के किसानों ने खासी दिलचस्पी दिखाई है। पिछले साल यानी वर्ष 2024 की अपेक्षा इस बार वर्ष 2025 में 135 प्रतिशत आवेदन ज्यादा आए हैं। वर्ष 2024 में लोनी 17235 और अलोनी 116346 आवेदन आए थे जो इस साल लोनी 23471 और अलोनी 117256 आवेदन हुए हैं। बीमित एरिया भी बढ़ा है। पिछले साल वर्ष 2024 में 43380 एकड़ क्षेत्रफल बीमित एरिया था जो इस साल बढ़कर 45530 एकड़ आ पहुंचा है।

### बीमा करवाने किसानों को आज अंतिम मौका

रबी सीजन के फसलों का बीमा करवाने छत्तीसगढ़ कृषि पोर्टल को दोबारा खोला गया है। 31 दिसंबर 2025 तक किसानों को फसल बीमा योजना के तहत पंजीयन कराने का मौका दिया गया था लेकिन तकनीकी खांमी पोर्टल में आने की वजह से इसे फिर से खोल दिया गया है। पोर्टल खोलने के बाद किसानों को 15 जनवरी तक पंजीयन के लिए अंतिम मौका दिया गया है।



### फसलों का प्रीमियम दर 1.5 प्रतिशत अलसी के लिए प्रति हेक्टेयर 255 रुपए तय

गेहूं, सरसों, चना,अलसी को अधिसूचित फसलों में शामिल कर प्रति हेक्टेयर ऋणमान, प्रीमियम दर, प्रीमियम राशि निर्धारित किया गया है। गेहूं सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर ऋणमान 38 हजार रुपए और प्रीमियम दर 1.5 प्रतिशत निर्धारित है। प्रीमियम राशि 570 रुपए तय है। गेहूं असिंचित के लिए ऋणमान 25 हजार रुपए और प्रीमियम दर 1.5 प्रतिशत निर्धारित है। प्रीमियम राशि 370 रुपए तय है। चना के लिए ऋणमान 42 हजार रुपए और प्रीमियम दर 1.5 प्रतिशत तय है। प्रीमियम राशि 630 रुपए तय है। सरसों के लिए ऋणमान 28 हजार रुपए और प्रीमियम दर 1.5 प्रतिशत निर्धारित है। प्रीमियम राशि 420 रुपए तय है। अलसी के लिए ऋणमान 17 हजार रुपए और प्रीमियम दर 1.5 प्रतिशत निर्धारित है। प्रीमियम राशि 255 रुपए तय है।

### धान बेचने में व्यस्त हैं किसान

वर्तमान में कृषि विभाग के अफसर व कर्मचारी खेतों व गांवों में पहुंचकर किसानों को बीमा कराने अपील कर रहें है ताकि प्राकृतिक आपदा आने पर नुकसान की भरपाई हो सकें। विभागीय अफसरों के अनुसार धान फसल की कटाई, मिंजाई व उपज बेचने में किसान व्यस्त है। पोर्टल खुला है। ऐसे में आगे भी किसानों के आंकड़े बढ़ सकते हैं।

### किसानों को अंतिम मौका

रबी फसलों का बीमा करवाने के लिए किसानों को अंतिम मौका 15 जनवरी तक दिया गया है। पोर्टल में तकनीकी दिक्कत आने और ज्यादा से ज्यादा किसानों को बीमा का लाभ दिलाने के लिए पोर्टल को दोबारा खोला गया है।

संदीप कुमार भोई, उपसंचालक कृषि विभाग दुर्ग

### समिति और बैंकों में किसानों का हो रहा बीमा

प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत जिन अधिसूचित फसलों का फसल बीमा होना है वह सरकारी समिति या बैंकों में हो रहे हैं। ऋणी किसान अपने संबंधित समिति या बैंक में जाकर करा सकते है। रबी वर्ष 2025-26 में फसल बीमा कराने पर मोबाइल में ओटीपी के माध्यम से वेरिफिकेशन किया जा रहा है। बीमा करवाने अऋणी किसानों को जरूरी दस्तावेजों के साथ मोबाइल भी लेकर जाना जरूरी है। अऋणी किसान अपने अधिसूचित फसल का बीमा कराने के लिए स्वयं का बुआई प्रमाण पत्र,बीमा प्रस्ताव पत्र,खसरा बी.1, बी 2, आधार कार्ड,नवीनतम बैंक पासबुक, बटाईदार, कास्तकार, साझेदार के लिए साझा कास्तकार का घोषणा पत्र प्रस्तुत कर लोक सेवा केंद्र, सहकारी समिति, बैंक या कृषक स्वयं मोबाइल नंबर में क्रॉप इंश्योरेंस एप के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। इसे लेकर शासनस्तर पर पहले ही गाइडलाइन जारी की जा चुकी है।

## बैंक से गुमा चेक, फोरम ने कहा-यह सेवा में कमी, 1 लाख रुपए मयब्याज देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग





- फोरम ने एचडीएफसी बैंक के खिलाफ पारित किया आदेश

बैंक से बिना क्यीयर हुए चेक गुमने के एक मामले में जिला उपभोक्ता फोरम दुर्ग ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। फोरम ने इस मामले में एचडीएफसी बैंक चंद्रा-मौर्या टाकीज के पास की लापरवाही मानते हुए पीड़ित को 1 लाख रुपए 5 फरवरी 2021 से लेकर अब तक 6 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से देने का आदेश जारी किया। इतना ही नहीं फोरम ने मामले में 10 हजार रुपए मानसिक कष्ट और 5 हजार रुपए वाद व्यय देने का भी आदेश दिया। अध्यक्ष संतोष कुमार और सदस्य संध्या बाजपेयी ने यह आदेश पारित किया।

प्रकरण के मुताबिक ढांचा भवन कुरुद निवासी देवदास साहू को बच्चेलाल संह नामक व्यक्ति ने 19 अप्रैल 2020 को ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स के माध्यम से 1 लाख रुपए का चेक दिया। देवदास ने यह चेक एचडीएफसी बैंक में लगाया। बैंक से यह चेक कहीं खो गया। बैंक ने चेक क्लीयर करने से इंकार कर दिया। 7 जनवरी 2021 तक न चेक वापस किया गया, न ही खाते में राशि ट्रांसफर की गई। इस पर 11 जनवरी को देवदास ने लीगल नोटिस बैंक को भेजा। बाद में जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। फोरम ने विचारण के बाद मामले में सेवा में कमी माना। बैंक को आदेश दिया कि 5 फरवरी 2021 से लेकर आदेश दिनांक तक 6 प्रतिशत ब्याज के राशि 1 लाख रुपए की राशि पीड़ित को दी जाए। फोरम ने 10 हजार हजार रुपए मानसिक कष्ट और 5 हजार रुपए वाद व्यय देने का भी आदेश दिया। मामले में देवदास के तरफ से पैरवी वकील अशोक डोटे ने की।

## नदी में कूद रहीं युवतियों को पुलिस ने बचाया

**भिलाई।** शिवनाथ नदी दुर्ग में 13 जनवरी को आत्महत्या करने दो युवती पहुंची थी। पुलिस की सतर्कता से युवतियों की जान बचा ली गई। मिली जानकारी के मुताबिक युवती ने जब दोपहर में नदी में छलांग लगाते हुए देखा गया तो लोगों ने तुरंत शोर मचाया। मौके पर तैनात गोताखोरों को इसकी सूचना दी। दूसरी घटना देर शाम को हुई। जब युवती जादू-टोना की वजह से परेशान होकर आत्महत्या करने पहुंची। लेकिन पुलिस की व्यवस्था के कारण युवती को बचा लिया गया। डायल-112 पुलिस वैन में पदस्थ जवान इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही आरक्षक बिना देरी किए नदी किनारे पहुंचे और युवती को घेर लिया। जैसे ही युवती नदी में कूदने की कोशिश करने लगी, आरक्षक ने उसे पकड़कर रोक लिया। पुलिस की टीम ने तत्काल महिला पुलिस बल को सूचना दी गई। युवतियों की काउंसिलिंग भी की गई।

## कुकर बिरयानी के मैनेजर व कर्मियों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बिरयानी के कम पीस देने को लेकर मैनेजर व होटल कर्मियों ने युवकों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने कुकर बिरयानी के मैनेजर व दो अन्य कर्मियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि एयरटेल फाईबर कंपनी सुपेला आकाशगंगा में वाईफाई लगाने का काम करने वाला के राजेश अपने दोस्त राकेश साहू, हर्ष कपूर के साथ कुकर बिरयानी स्मृति नगर भिलाई में खाने पहुंचे थे। तीन हाफ बिरयानी का आर्डर कुकर बिरयानी सेन्टर के मैनेजर को दिया गया। पीड़ितों को बिरयानी में पीस कम दिया और अन्य को ज्यादा पीस दिया जा रहा था। जिसे लेकर राकेश साहू, हर्ष कपूर ने कुकर बिरयानी के मैनेजर समेत अन्य कर्मियों को पीस कम देने की बात बोला गया। इसी बात को लेकर कुकर बिरयानी मैनेजर और दो कर्मियों में पीड़ितो को गाली गलौज करना शुरु कर दिया। शराब पीकर होटल में पहुंचने का आरोप लगाकर मैनेजर व कर्मियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी दे डाली। बिरयानी शॉप का मैनेजर अपने हाथ में रखे चम्मच व दो कर्मियों ने हाथ में पहने कड़ा से मारपीट करना शुरु कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे राकेश के मोबाइल झूमा झटकी में क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में पीड़ित के बाये, दाहिने पसली, बांये, दाहिने अंगूठा में चोट आई है।

- बिरयानी खाने को लेकर युवकों से हुआ था विवाद

## कुर्की दल ने वसूला 1.28 लाख रुपए का बकाया संपत्तिकर, नोटिस भी जारी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के वित्तीय स्थिति में सुधार करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल ने जोन-5 क्षेत्र के बकायादारों से राशि 1.28 लाख रूपये वसूल किया गया है।

निगम आयुक्त ने निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार करने शहर के बकायादारों से संपत्तिकर की लंबित राशि की वसूली हेतु कुर्की दल का गठन किया है। कुर्की दल बकायादारों के स्थल पर पहुंचकर संपर्क कर रहे हैं। कुर्की दल के मौके पर पहुंचते ही भवन अथवा भूमि स्वामी द्वारा संपत्तिकर की राशि का भुगतान किया जा रहा है। कुर्की दल ने बुधवार को राशि 1,28,28 रुपए की वसूल किया है। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिको से अपील की है कि अपने बकाया संपत्तिकर की राशि जल्द ही निगम कोष में जमा कर दे। अन्यथा की स्थिति में संपत्ति को कुर्की कर राशि वसूल किया जायेगा। जिसकी जवाबदारी भवन, भूमि स्वामी के स्वयं की होगी।

## जलकर नहीं पटाया तो भिलाई-चरोदा निगम करेगा कार्रवाई



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में महापौर कक्ष में बैठक हुई। इस दौरान जलकर वसूली के लिए निगम आयुक्त डीएस राजपूत के आदेश से गठित दल के कर्मी मौजूद थे। लंबे समय से जलकर की राशि का भुगतान निगम कोष में जमा नहीं करा रहे लोगो पर निगम कार्यवाही करने की तैयार कर रहा है। समय पर टैक्स और कर नहीं जमा करने वालों के कारण निगम पर आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। जिसके फलस्वरूप निगम कर्मचारियों को प्रतिमाह दिये जाने वाले वेतन के लिए असुविधा हो रही है। इसे देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा जलकर की राशि वसूली तथा टैक्स जमा नहीं करने वालो पर नल कनेक्शन काटने की तैयारी चल रही है। भिलाई - चरौदा क्षेत्र के सभी नागरिको से निगम प्रशासन की ओर से अपील की गई है। निगम के कर्मचारियों को टैक्स वसूली कार्य के दौरान अपना सहयोग प्रदान करे। बैठक में महापौर निर्मल कोसरे, महापौर परिषद सदस्य सह प्रभारी सदस्य मोहन साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सरोजनी यदु, उपअभियंता केहर कुमार मरकाम ,जलकार्य विभागराजेश अच्चैया, वासुदेव पाण्डेय मौजूद थे।

## बीए, बीएससी, बीकाम, बीसीए, बीबीए सेमेस्टर परीक्षा के लिए वेरिफिकेशन जरूरी

# यूजर आईडी से डाउनलोड कर विद्यार्थी ले सकेंगे प्रवेश पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी से संबंद्ध कॉलेजों में इस बार सेमेस्टर परीक्षाओं का प्रवेश पत्र विद्यार्थी अपने यूजर आईडी से डाउनलोड कर ले सकेंगे। कॉलेजों से प्रवेश पत्र नहीं दिया जाएगा। इस प्रवेश पत्र का वेरीफिकेशन परीक्षा केंद्राध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। बिना वेरीफिकेशन के परीक्षा में बैठने नहीं मिलेगा। प्रवेश पत्र का वेरीफिकेशन 21 जनवरी के पहले करवाना जरूरी किया गया है। सेमेस्टर एग्जाम दिलाने वाले स्नातक स्तर के बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए प्रथम, तृतीय सेमेस्टर (नियमित, स्वाध्यायी) स्टूडेंट्स को प्रवेश पत्र का सत्यापन केंद्राध्यक्ष से कराना पड़ेगा।

- यूजर आईडी से डाउनलोड कर सकते हैं प्रवेश पत्र

### प्रायोगिक परीक्षाएं 20 जनवरी तक चलेगी

हेमचंद यूनिवर्सिटी के मुताबिक स्टूडेंट्स अपने यूजर आईडी से दुर्ग विवि की वेबसाइट में क्लीक कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सेमेस्टर के पहले सभी कॉलेजों में प्रायोगिक विषय की परीक्षाएं 20 जनवरी तक होगी। एक सप्ताह पहले दुर्ग विवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए सारिणी जारी कर दिया है। जिसके अनुसार बीएससी, बीसीए के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर स्टूडेंट्स के लिए परीक्षा की टाइमिंग पहली पाली में सुबह 7 से 10 बजे निर्धारित की गई है। बीकॉम, बीबीए के लिए टाइमिंग दूसरी पाली में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। बीए स्टूडेंट्स के लिए टाइमिंग तीसरी पाली में दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। अधिकतर स्टूडेंट्स तीन दिन के अंतराल में परीक्षा देने पहुंचेंगे। बीएससी गृह विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 21, 24, 27 और 29 जनवरी को होगी। इसी तरह तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 22, 28, 30 जनवरी और 3, 6 फरवरी को होगी।



### बीसीए प्रथम की परीक्षा 21 से शुरू

बीसीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 21, 24, 27, 29 और 31 जनवरी को होगी। इसी तरह तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 22, 28, 30 जनवरी और 3, 5,7 फरवरी को होगी। बीकॉम, बीबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 21, 27, 30 जनवरी और 2 फरवरी को होगी। तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 23, 28, 31 जनवरी और 3, 5 फरवरी को होगी। बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 21, 24, 27,29 और 31 जनवरी और 2, 4 फरवरी को होगी। इसी तरह तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 22, 28, 30 जनवरी और 3,5,7,9,11,12 फरवरी को होगी।

### जेनेरिक इलेक्टिव 11-13 फरवरी को

हेमचंद यादव यूनिर्वसिटी से जारी समय सारिणी अनुसार जेनेरिक इलेक्टीव सभी कक्षा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 13 फरवरी को होगी। इसी तरह तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 11 फरवरी को दूसरी व तीसरी पाली में तय टाइमिंग में होगी। वैल्यू एडिशन कोर्स सभी कक्षा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 16 फरवरी को होगी। वहीं तृतीय सेमेस्टर की 14 फरवरी को दूसरी व तीसरी पाली में तय टाइमिंग में होगी। कुल 21 शासकीय व प्राइवेट कॉलेज के स्टूडेंट्स परीक्षा देने पहुंचेंगे।

### प्रवेश पत्र वेरीफिकेशन अनिवार्य

सभी कॉलेज के विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र यूजर आई से डाउनलोड करें। इसे वेरीफिकेशन केंद्राध्यक्ष करेंगे। इसके बिना परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे।

**-राजमणि पटेल,** परीक्षा नियंत्रक दुर्ग यूनिर्वसिटी




## खबर संक्षेप



### रोड सेफ्टी एंड वैलनेस कैंप का किया आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आज जिला परिवहन कार्यालय द्वारा रोड सेफ्टी एंड वैलनेस कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिए लर्निंग लाइसेंस शिविर भी संचालित किया गया। कैंप के दौरान जिला आरटीओ अधिकारी श्री लकड़ा एवं श्री बंजारे ने प्रशिक्षणार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व, यातायात नियमों के पालन और स्वस्थ जीवनशैली पर विचार साझा किए। प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लर्निंग लाइसेंस प्रक्रिया का लाभ उठाया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

### वृद्धजनों के सम्मान की प्रेरणा देता है साहित्य : आचार्य शर्मा

**दुर्ग।** विश्व हिन्दी दिवस पर पुलगांव वृद्धाश्रम दुर्ग में आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने वृद्धजनों को अपनी पुस्तकें भेंट की।



उन्होंने वृद्धजनों का सम्मान करते हुए सभी को वस्त्र भी भेंट किए। वहीं सप्रेम तिल-गुड़ का स्वल्पाहार भी कराया। डॉ. शर्मा ने कहा कि केवल आयु के कारण नहीं अपितु अनुभव ज्ञान के कारण भी वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेना चाहिए। अभी उनके पास पढ़ने के लिए पर्याप्त समय भी होता है, उनमें रुचि भी है। छत्तीसगढ़ में पर्याप्त साहित्य रचा गया है। विश्व हिन्दी दिवस पर अपनी दो पुस्तकें साहित्य और समाज और गागर में सागर बुज़ुर्गों को भेंट की गई। साहित्य समाज का दर्पण होता है। इससे प्रेरणा लेकर यदि समाज वृद्धों की सेवा करे तो अच्छा वातावरण बनेगा। प्रबंधक दीपक चापिरा और उनके स्टाफ से पार्थ सिंह मेश्राम आदि भी इस दौरान उपस्थित थे।

# कांग्रेस में ब्लॉक में भी युवाओं को मौका, कार्यकारिणी जल्द

## तीनों जिला संगठनों के 19 ब्लॉक अध्यक्षों के नामों की घोषणा, आगामी दिनों में होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/दुर्ग

कांग्रेस में तीनों जिला संगठनों के अध्यक्षों की घोषणा के बाद पार्टी हाईकमान ने ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। 19 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति पीसीसी की अनुशंसा पर हाईकमान ने की है। खास बात यह है कि जिला अध्यक्ष में जिस प्रकार युवाओं को मौका दिया गया, उसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्षों में भी युवाओं को मौका दिया गया है। इससे स्थिति स्पष्ट नजर आ रही है कि पार्टी अगला चुनाव युवाओं के बलबूते लड़ने जा रही है। इसके लिए युवाओं की टीम तैयार करने की दिशा में तैयारी शुरू कर दी गई है। ब्लॉक अध्यक्षों में सभी जातिवर्गों को प्राथमिकता दी गई है। युवाओं में नए अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर खासा उत्साह है।

### दुर्ग में अल्ताफ अहमद को फिर से मिली जिम्मेदारी



दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नए ब्लॉक अध्यक्षों में अल्ताफ अहमद को एक बार फिर मध्य ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया है। वे पहले भी दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके अलावा पश्चिम ब्लॉक से आनंद कपूर ताम्रकार, पूर्वी से मनीष बघेल, उत्तर से देवश्री साहू और दक्षिण से गुरदीप सिंह भाटिया को नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने आदेश जारी किया है। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह नई टीम दुर्ग शहर में कांग्रेस को और अधिक सक्रिय, संगठित और जनआंदोलन से जुड़ा हुआ बनाएगी।

### भिलाई के सभी 6 ब्लॉक के अध्यक्ष घोषित




भिलाई में सभी 6 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। कोसानाला से नरसिंह नाथ नायक, ब्लॉक-1 से जी राजू, ब्लॉक-2 से गुड्डा खान उर्फ एफजी खरीदी, ब्लॉक-3 से सौरभ मिश्रा, ब्लॉक-4 से सौरभ दत्ता, ब्लॉक 5 से धनेश्वरी साहू, ब्लॉक-6 से दिनेश पटेल को नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि युवाओं को मौका दिया गया है। आगामी दिनों में संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इधर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर सौरभ दत्त ने कहा कि छात्र जीवन के समय से छात्र हित के लिए संघर्ष करते रहे हैं। वे पार्षद भी रह चुके हैं।

### ग्रामीण के 8 जिला संगठनों के अध्यक्ष तय



दुर्ग ग्रामीण जिला संगठन के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भी अपने सभी ब्लॉक के अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इसमें दुर्ग ग्रामीण से देवेंद्र देशमुख, धमधा से शिव शर्मा, पाटन से मोहन साहू, भिलाई-चरोदा से श्रीकांत वर्मा, कुम्हारी से मनहरण यादव, जामुल से कमलेश साहू, अहिवारा से उमेश साहू, जामगांव आर से राजेश ठाकुर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति को लेकर राकेश ठाकुर ने कहा कि एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिस प्रकार से कार्ययोजना तैयार की है। उसके अनुरूप पार्टी का हर कार्यकर्ता काम कर रहा है।

## वार्ड 43 : शो-पीस बनकर रह गई सोलर लाइटें, जर्जर सड़कों से परेशानी

# बापू नगर में बदहाल सड़कें, बंद पड़ी सोलर लाइट, पानी की किल्लत से भी लोग परेशान

### वार्डवासियों ने जनप्रतिनिधि पर लगाया उपेक्षा का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

43 बापू नगर में जर्जर सड़कें, खराब सोलर लाइट और पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। नागरिकों ने इन परेशानियों से नगर निगम से समाधान की मांग की।

वार्ड परिक्रमा के तहत हरिभूमि की टीम नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत वार्ड 43 बापू नगर पहुंची हुई थी। इलाके की कई सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। जगह-जगह गड्ढों के कारण पैदल चलना तो दूर, वाहन चलाना भी मुश्किल हो गया है। बारिश में हालात और बिगड़ जाते हैं। सड़कों और गार्डन में लगाए गए सोलर लाइट भी शो-पीस बनकर रह गए हैं। कुछ देर जलने के बाद लाइट बंद हो जाती है, जिससे पूरे इलाके में अंधेरा पसरा रहता है। अंधेरे की वजह से लोगों को हादसे और असामाजिक गतिविधियों का डर सताता है। इसके साथ ही बापू नगर में पानी की समस्या भी बनी हुई है। नियमित सप्लाई नहीं होने से लोगों को रोजमर्रा की जरुरतों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। लोगों ने नगर निगम से जल्द सड़क मरम्मत, सोलर लाइट सुधार और पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।





### खराब सोलर लाइट से बढ़ी असुरक्षा महिलाएं और बच्चे डर के साए में



स्थानीय निवासी प्रदीप देवांगन ने बताया कि सड़क किनारे और अंबेडकर गार्डन में लगाए गए सोलर लाइट सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। लाइट कुछ देर जलने के बाद बंद हो जाती है, जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है। उन्होंने कहा कि अंधेरा होने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। यही वजह है कि शाम होते ही महिलाएं और बच्चे गार्डन में खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोलर लाइट सुधार की मांग कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### जर्जर सड़कें बनी मुसीबत, बरसात में हालात और बदतर



बापू नगर में सड़कों की बदहाली लोगों के लिए रोज की परेशानी बन चुकी है। स्थानीय निवासी कार्तिक कुमार ने बताया कि इस वार्ड की सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो चुके हैं, जिससे पैदल चलना और वाहन निकालना दोनों मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से हादसों का खतरा बना रहता है और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से जल्द सड़क मरम्मत और स्थायी समाधान की मांग की है।

### पानी की किल्लत, टूटी पाइपलाइन ने बढ़ाई परेशानी



वार्ड 43 में पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। स्थानीय निवासी अनिता देवी ने बताया कि वार्ड में दो पाइपलाइन बिछी हुई हैं। एक पाइपलाइन से किसी तरह पानी आता है, लेकिन दूसरी पाइपलाइन के ज्वाइंट जगह-जगह से टूट चुके हैं। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन खराब होने के कारण लोगों को कटोरा और बर्तन के सहारे पानी भरना पड़ता है। पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने से रोजमर्रा के कामों में भारी परेशानी हो रही है। अनिता देवी का कहना है कि इस समस्या से जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई देखने तक नहीं आया।

### सार्वजनिक शौचालय बदहाल



अंबेडकर गार्डन के सामने बने सार्वजनिक शौचालय की हालत बेहद खराब हो चुकी है। स्थानीय निवासी अनिल कुमार ने बताया कि शौचालय की स्थिति दयनीय हो गई है। इसके सभी दरवाजे टूट चुके हैं और नियमित संधारण के अभाव में यह उपयोग लायक नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि शौचालय की बदहाली के कारण सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ती है। साफ सफाई और सुरक्षा दोनों ही बड़े सवाल बन गए हैं। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से शौचालय की तत्काल मरम्मत और नियमित संधारण की मांग की है, ताकि लोगों को बुनियादी सुविधा मिल सके।

## ट्रेन सुविधाओं की मांग को लेकर रेलयात्री सेवा संघ की बैठक 17 को

**भिलाई।** ट्रेनों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़-यूपी बिहार रेलयात्री सेवा संघ की गतिविधि तेज हो गई है। संघ की इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक 17 जनवरी को शाम 6 बजे से एडवोकेट चेम्बर, मोहम्मद सलीम (अधिवक्ता), आनंद चाट के पास, चौहान प्लाजा जीई रोड भिलाई में रखी गई है। इस दौरान पिछले दिनों छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली के जनप्रतिनिधियों को दिए गए ज्ञापन के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष हाजी एचएम सिद्दीकी और सचिव एडवोकेट मोहम्मद सलीम ने बताया कि बैठक मे सीवान, गोपालगंज, मऊ, घोसी, दोहरीघाट, आजमगढ़, बड़हलगंज, गोला बाजार, देवरिया व अन्य जिले, ग्राम के रहवासियों से अपील की की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या मे आकर अपनी समस्याओं से रेल यात्री सेवा संघ को अवगत कराये। बैठक में रेल यात्री सेवा संघ के बैनर तले जनप्रतिनिधियों से मिलने व आगे की रूपरेखा तय की जाए।

## अमन छत्तीसगढ़ शासन के लॉयर नियुक्त



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से पैरवी करने के लिए पैनल लॉयर की घोषणा कर दी गई है। इसमें दुर्ग के अमन ताम्रकार को भी शामिल किया गया है। अमन दुर्ग निगम में महापौर परिषद की सदस्य और वरिष्ठ पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकार के बेटे हैं। उनकी नियुक्ति पर ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री गजेंद्र यादव सहित अन्य प्रमुखजनों का आभार व्यक्त किया है। पैनल में अमन के अलावा अधिवक्ता अमित नायक, प्रिया शर्मा, पुरेंद्र खिचरिया, कन्हैया यादव, ऋचा पांडेय, राजकुमार साहू, तरुण डड़सेना, प्राची सिंह, सुरेश टंडन, लक्ष्मी कश्यप, वीरेंद्र वर्मा, संदीप यादव, मोनिका डे, रुपेंद्र देवांगन शामिल हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता मसकोले ने किया देहदान



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के तौर पर लम्बे समय से सेवा देने वाले 70 वर्षीय श्रीराम मसकोले का निधन हो गया। उनकी इच्छानुसार उनके देह को परिजनों ने मेडिकल के छात्रों के रिसर्च के लिए दान किया। सिकोला भाटा पटरीपार मंडल अंतर्गत वार्ड 20 आदित्य नगर कैलाश नगर में बूथ में अध्यक्ष के रूप में भाजपा के संघर्ष के दिनों में मजबूती से झंडा उठाकर कार्य करने वाले मसकोले एक समर्पित कार्यकर्ता रहे। महापौर अल्का बाघमार सहित अनेक नेताओं ने उनके घर पहुंचकर दिवंगत आत्मा के प्रति संवेदना प्रकट किया।पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किया। सिकोला भाटा पटरी पार मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने कहा की मासकोले एचएससीएल में सर्विस काल में भी सेवा जनसेवा, राजनीतिक पृष्ठभूमि में अपने सर्वस्व जीवन को मानव सेवा के लिए अपना देहदान करने की ईच्छा की थी, जो अब दूसरों के लिए प्रेरणादायक हो गया है। वे अपने पीछे पुत्र रामकुमार मस कोले, रामु मरसकोले सहित पत्नी शांता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी... आत्म निर्भर भारत की ओर कदम आगे बढ़ाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया एवं जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम हुआ। जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह, महापौर अलका बाघमार सहित अन्य कार्यक्रम में मौजूद थे। टिकरिया ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश प्रत्येक क्षेत्र में विकास कर अपने पैरों पर खड़ा होगा। एक स्वावलंबी देश ही वैश्विक स्तर पर अपने सम्मान की रक्षा कर सकता है। भारत के आत्मसम्मान की भावना को साकार करने के लिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की। कौशिक ने कहा कि जब 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद के रूप में शपथ ली थी, तब हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था विश्व में 14वें स्थान पर थी। आज हमारा देश विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बनने की ओर अग्रसर है। बाघमार ने कहा कि आज हमारा देश आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर अग्रसर है उसकी वजह विगत दिनों संपन्न हुए त्योहारों पर हम सभी ने देखा हम सभी ने देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश ने उनके आह्वान को हाथों-हाथ लेते हुए वह वोकल फार लोकल स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का खरीदी की बड़े-बड़े व्यापारिक संगठनों ने देश में निर्मित वस्तुओं को बेचने के लिए अपना दृढ़ संकल्प लोगों के बीच में दिखाया है। कार्यक्रम में विनोद अरोरा, राजीव पांडेय, गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, शैलेंद्र शैंडे, आकाश सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

## राजस्व वसूली में तेजी, सीलिंग नोटिस मिलते ही करदाताओं ने भरा पूरा बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश और राजस्व अधिकारी आरके बोरकर के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग अमला द्वारा बकाया कर वसूली को लेकर की जा रही सख्त कार्रवाई का असर अब दिखने लगा है। निगम प्रशासन द्वारा दुकानों एवं प्रतिष्ठानों को सील करने की चेतावनी मिलते ही करदाताओं ने अपने-अपने बकाया एवं चालू वर्ष का टैक्स तत्काल जमा करना शुरू कर दिया है।

वार्ड क्रमांक 11 में पंकज, दिव्या, ऋतु एवं अंकिता (महेन्द्र मल्होत्रा) के नाम से संपत्ति कर एवं अन्य करों की मांग लंबित थी। सीलिंग की कार्रवाई की सूचना मिलने पर संबंधित करदाताओं ने कार्रवाई से बचने समस्त बकाया एवं चालू वर्ष का टैक्स कुल 85,771 रुपये नकद नगर निगम में जमा किया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 28 में भी निगम की सख्ती देखने को मिली। यहां हरीश कुमार/उत्तमचंद जैन द्वारा संचालित दुकान पर बकाया टैक्स के चलते सीलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसके दबाव में उन्होंने 70,854 रुपये की संपूर्ण टैक्स राशि चेक के माध्यम से निगम में जमा कराई। वहीं वार्ड क्रमांक 28 के ही प्रभुदास सिंधी/झाड़मल ने भी दुकान सील होने से पूर्व दो चेकों के जरिए 51,972 रुपये की समस्त टैक्स राशि जमा कर दी। इस प्रकार केवल दो वार्डों से निगम को 2 लाख 8 हजार 597 रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में बकाया कर वसूली को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा।

# शिक्षा जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला होनी चाहिए : दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में 21वीं शताब्दी की नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत एक विशेष जन-जागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय सरकारी प्रतिष्ठान से सेवानिवृत्त अभियंता देवेन्द्र कुमार दुबे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया।

कार्यशाला के दौरान श्री दुबे ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली मुख्य रूप से केवल रोजगार तक सीमित हो गई है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में व्यक्तित्व विकास, आर्थिक आजादी और उत्तम स्वास्थ्य की शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा शिक्षा केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला होनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच विशेष प्रश्नावली साझा की गईस जिसमें जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचारणीय प्रश्न पूछे गए थे। इसके साथ ही श्री दुबे ने युवाओं और समाज के लिए उपयोगी पुस्तकों की एक सूची भी प्रदान की, जिन्हें स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। प्रतिभागियों ने माना कि कार्यस्थल के तनावपूर्ण माहौल के बीच ऐसे जीवन उपयोगी विषय न केवल कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी सहायक हैं। कार्यक्रम के अंत में श्री दुबे के अनुभवों और उनके द्वारा समाज सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं ने जारी किया आदेश, एमडी ठाकुर रहेंगे पदेन अध्यक्ष

# केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ का चुनाव अवैध घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ (पंजीयन क्रमांक-332) के अध्यक्ष पद को लेकर अक्टूबर माह-2025 में हुए चुनाव को अवैध घोषित कर दिया गया है। यह आदेश फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ रजिस्ट्रार पद्मिनी भोई साहू ने 8 जनवरी 2026 को जारी किया है। चुनाव को अवैध घोषित करने का कारण चुनाव में अनियमितता बरतना, अपूर्ण व भ्रामक जानकारी देना एवं फर्म्स व संस्थाएं के नियमावली का उल्लंघन को कारण बताया गया है। रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं द्वारा जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के पंजीकृत नियमावली के अनुसार वैधानिक सदस्यों के बीच पुनः विधिवत चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण कर चुनाव की जानकारी अधिनियम की धारा-27 के अधीन सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ को अवगत कराए। यह आदेश फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एवं चुनाव में प्रत्याशी रहे एमडी ठाकुर एवं महासभा के प्रवक्ता विष्णु ठाकुर के शिकायत पर दी है।

- नए सिरे से होगा चुनाव
  जल्द होगी बैठक

### अनियमितता की शिकायत के बाद कार्रवाई

शिकायतकर्ताओं द्वारा चुनाव के पूर्व और चुनाव के बाद भी अनियमितता और संस्था के नियमावली के उल्लंघन की शिकायत करते रहे, लेकिन चुनाव अधिकारी द्वारा उनके शिकायतों को नजरअंदाज किया जाता रहा। रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ के चुनाव को लेकर आए आदेश ने शिकायतकर्ताओं के शिकायतों को सच साबित कर दिया है। इस फैसले से केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष समेत कार्यकारिणी के अलावा गोंड समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। फलस्वरुप महासभा के पदाधिकारियों, संरक्षक, जिला अध्यक्षों, तहसील अध्यक्षों व समाज के अन्य लोग बुधवार को गोंडवाना भवन सिविल लाईन दुर्ग में जुटे और आमसभा का आयोजन कर शहीद वीर नारायण सिंह की जयंती मनाई,साथ ही फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ के आए फैसले पर खुशियां जाहिर की।



**धमतरी में थे 16 मतदाता, लेकिन वोट डाले गए 45 :** चुनाव में अनियमितता के संबंध में 03.10.2025 को महासभा के प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर द्वारा भी शिकायत की गई थी, लेकिन चुनाव अधिकारी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। श्री ठाकुर ने बताया कि चुनाव में अनियमितता संबंधी शिकायतों पर चुनाव अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए, जबकि चुनाव में जो मतदान करने के पात्र नहीं थे। उन्होने भी मतदान किए थे। ऐसी अनियमितता बालोद, बेमेतरा, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद के अलावा अन्य जिलों में सामने आई थी। धमतरी में मतदाताओं की कुल संख्या 16 थी, जहां 45 लोगों ने मतदान कर चुनाव को प्रभावित किया।

### देश ही नहीं दुनिया का पुराना आदिवासी संगठन

इस दौरान केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने कहा कि सत्य जरुर परेशान हो सकता है, लेकिन कभी पराजित नहीं होता है। इसे फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ द्वारा चुनाव के अवैध होने संबंधी दिए गए फैसले ने चरितार्थ कर दिया है। श्री ठाकुर ने बताया कि केन्द्रीय गोंड़ महासभा, धमधागढ़, पंजीयन क्र.-332 दिनांक 02.03.1963, संशोधित दिनांक 10.01.2007 पर पंजीकृत समिति है। संस्था पर छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 (संशोधित) 1998 के समस्त प्रावधान लागू हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ के चुनाव में अनियमितता बरते जाने की शिकायत उनके द्वारा रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ से की गई थी,शिकायत पर महासभा के 12.10.2025 को हुए चुनाव को अवैध घोषित कर दिया गया है। महासभा को नए सिरे से चुनाव कराए जाने का आदेश दिया गया है।

## राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस समारोह का आयोजन आज से 17 जनवरी तक

**दुर्ग।** 10वें राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस समारोह का आयोजन 15 से 17 जनवरी तक शासकीय वीवाईटी पीजी स्वशासी महाविद्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 15 जनवरी को सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण स्टार्टअप प्रदर्शनी होगी, जो 15 और 16 जनवरी को सुबह 10.30 से सायं 5.30 बजे तक शासकीय वी.वाई.टी. पीजी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित की जाएगी।

इस प्रदर्शनी में विभिन्न स्टार्टअप अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। नागरिकों को स्टार्टअप संस्थापकों से सीधे संवाद करने, उनके नवाचारों को समझने और उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में उपयोगी घरेलू वस्तुएं, आकर्षक होम डेकोर, विभिन्न खाद्य उत्पाद, इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े नवाचार तथा सौंदर्य और पर्सनल केयर उत्पाद शामिल रहेंगे। 15 जनवरी को दोपहर 2.00 बजे से 5.00 बजे तक इंडस्ट्री मीट एवं सफल उद्यमियों के साथ ओपन सेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिष्ठित उद्यमी अपने अनुभव साझा करेंगे और युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। 16 जनवरी को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का औपचारिक समारोह आयोजित होगा, जिसमें स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार पर केंद्रित विशेष गतिविधियां होंगी। वहीं 17 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक उद्यमिता यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जिले में उद्यमिता को जन-जन तक पहुंचाना है।

## खबर संक्षेप



### लक्ष्मी नारायण का राष्ट्रीय खो-खो के लिए चयन

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई, विकासखंड गुंडरदेही, जिला बालोद के कक्षा आठवीं के छात्र लक्ष्मी नारायण यादव का चयन राष्ट्रीय स्तर की खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। लक्ष्मी नारायण, पिता सुखलाल यादव, 14 वर्ष बालक वर्ग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान के केकरी में 16 से 21 जनवरी तक किया जाएगा, जिसमें लक्ष्मी नारायण छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### उतई मंडई मेला कल

**उतई।** उतई नगर में भव्य मंडई मेला का आयोजन 16 जनवरी को रखा गया है। नगर उत्सव समिति अध्यक्ष खूबी राम साहू ने ने बताया मनोरंजन के लिए नगर के बहुद्देशीय मंच दशहरा मैदान में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम पूनम विराट की प्रस्तुति का मंचन रात्रि 9 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्यातिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता विधायक दुर्ग ग्रामीण व उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास ललित चंद्राकर करेंगे। विशेष अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत उतई सरस्वती नरेन्द्र साहू,उपाध्यक्ष नगर पंचायत उतई शिवनारायण देशमुख होंगे।

### दिव्य राम ज्योति पर्व कल

**निकुम।** इस्पात नगरी भिलाई से महज 15 किमी दूर स्थापित ग्राम नारधा मुरमुंदा में भक्तों की अपार श्रद्धा है। यहां 300 वर्ष पुराने गोबर के हनुमान विराजित हैं और वर्षों से बाबा की धुनी प्रज्ज्वलित है।यहां चैत्र व क्वांर नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योतिकलश जलते है,वही दशहरा व महाशिवरात्रि पर भव्य पूजा अर्चना होती है। कभी यह क्षेत्र जंगल रहता था,तभी पंचदशानन जुन्ना अखाड़ा काशी से दशनाम सन्यासी यहां आकर आश्रम बनाकर रहे है,फिर स्वयंबाबा रुक्खड़नाथ ने अपने समाधि में जाने के पूर्व विधिवत सुनहरी गाया के गोबर से मंगल स्वरुप हनमुान मंदिर उत्तर दिशा मुख विराजित किया।इस क्षेत्र में सर्पदंश नही हुआ ,वही भैरव स्वरुप दो 'वानों की समाधि बनी है, इसके दशन व आराधना से संकट दूर हो जाते है। यहां 16 जनवरी को दिव्य राम ज्योति पर्व पर पूजा अर्चना होगी और महाप्रसादी दिया जायेगा। श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

## निधन

### वेदराम देशमुख

**भिलाई।** गणपति विहार दुर्ग एवं



ग्राम डांडेसरा निवासी वेदराम देशमुख का आकस्मिक निधन 13 जनवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 14 जनवरी को शिवनाथ नदी महमरा घाट मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### मुरलीधर ठाकुर

**अंडा।** ग्राम जंजगिरी निवासी पूर्व



उपसरपंच मुरलीधर ठाकुर उम्र 50 वर्ष का आकस्मिक निधन 14 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जंजगिरी के मुक्तिधाम में किया गया। वे अनुराग व दर्शित ठाकुर के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### गणेश राम साहू

**अंडा।** ग्राम जंजगिरी निवासी



गणेश राम साहू उम्र 73 वर्ष का आकस्मिक निधन 13 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जंजगिरी के मुक्तिधाम में किया गया। वे भीषम साहू और हेमेंद्र साहू के पिता थे।

# ख़ुरसुल के पास मनग़टा जंगल सफारी मार्ग बना मौत का रास्ता

**सालों से बने ब्लैक स्पॉट पर शासन-प्रशासन बेपरवाह, पूर्व सरपंच ने उठाई मार्ग को ब्लैक स्पॉट घोषित करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम ख़ुरसुल के समीप मनग़टा जंगल सफारी मार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से जनधन की भारी क्षति हो रही है। इसके बावजूद वर्षों से बने इस खतरनाक ब्लैक स्पॉट पर शासन और प्रशासन का ध्यान अब तक नहीं गया है।

सड़क सुरक्षा माह के दौरान इस गंभीर समस्या से दुर्ग कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) दुर्ग को अवगत कराया गया है। पूर्व सरपंच बोरई रिवेंद्र यादव ने कहा कि स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जा चुकी है, वहीं अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार



विभागों द्वारा दुर्घटनाओं के मूल कारणों की न तो जांच की गई और न ही किसी प्रकार के स्थायी सुधारात्मक उपाय किए गए।

दुर्ग जिले के पुलगांव थाना एवं राजनांदगांव जिले के सोमानी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इस मार्ग पर पुलिस की भूमिका केवल दुर्घटना के बाद विवेचना और प्रकरण के खात्मे तक सीमित रह जाती है। दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए न तो सड़क की संरचना में सुधार किया गया और न ही यातायात सुरक्षा के आवश्यक संकेतक, स्पीड ब्रेकर अथवा चेतावनी बोर्ड लगाए गए। विडंबना यह है कि समय-समय पर सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है, सांसद की मौजूदगी में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें भी होती हैं, फिर भी वर्षों से इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसका परिणाम यह है कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण कई परिवार उजड़ चुके हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि मनग़टा जंगल सफारी मार्ग को तत्काल ब्लैक स्पॉट घोषित कर वहां वैज्ञानिक तरीके से सड़क सुरक्षा उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं और जानमाल के नुकसान को रोका जा सके।

## जर्जर कमरे, शौचालय जाम, कहीं कमरे नहीं तो कहीं शिक्षक नहीं

# 64 बच्चों की जिम्मेदारी सिर्फ एक प्रधान पाठक के कंधों पर, वो भी स्कूल में नहीं

दिलीप साहू ▶▶| निकुम

**शिक्षा मंत्री के गृह जिले में स्कूलों का बुरा हाल, मध्यान्ह भोजन भी नहीं मिल रहा**

यहां सरकारी स्कूल की दशा बुरी तरह प्रभावित है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्कूलों में एक शिक्षक के कंधो पर पूरा स्कूल का भार है। सरकारी स्कूलों में कहीं कमरे नहीं, तो कही शिक्षक नदारद। कई स्कूलों में में मध्याह्न भोजन तक नही मिल रहा है। यहां खाड़ा गांव व आमटी में अनियमितता की कई शिकायतें हैं। इस पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविन्द मिश्रा ने कहा कि खाड़ा व आमटी स्कूलो की जानकारी लेंगे। उसके बाद विधि सम्मत कदम उठाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इन स्कूलों में मिड डे मिल नही मिलने से बच्चो की उपस्थिति कम हो रही है। कई स्कूलो में भृत्य तक नहीं है। शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव के गृह जिले में सरकारी स्कूल का सिस्टम ही पूरी तरह बीमार दिख रहा है। मंत्री यादव के दुर्ग के देहातों के स्कूलों में कदम पड़े,तो शायद तो सिस्टम दुरुस्त हो। वहीं मिड डे मिल नही बनने के कारण बच्चे सुबह घर से लाया ठंडा भोजन खा रहे है। कई बच्चे मजबूरी में पैकेट वाले जंक फूड खाकर सिर्फ पानी पी रहे है।

एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की थीम पर करोड़ो शौचालय बनवाए, लेकिन शासकीय पूर्व




माध्यमिक शाला आलबरस व खाड़ा स्कूल में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। खाड़ा स्कूल में दरवाजा खराब हो गया है ,पानी जाम होने से शौचालय व मूत्रालय की बदबू के बीच बच्चे मिड मिल खाते व पढाई करते है।

शासकीय प्राथमिक शाला में खाड़ा में कक्षा एक से पांचवी कक्षा की पढाई ,लिखाई, ऑफिस वर्क सहित कई सरकारी कार्यो की जिम्मेदारी प्रधानपाठिका यशोदा राजपूत अकेले निभा रही है। वही मंगलवार को सुबह 11 बजे तक प्रधान पाठिका के स्कूल नहीं पहुंचने पर बच्चे ही शिक्षक बनकर पढाते व हो हल्ला मस्ती करते मिले। रसोई घर में ताला लगा रहा। यहां स्थानीय



युवा अभिषेक देशमुख ने बताया, कि शौचालय की बदबू व शिक्षक की कमी है। समय रहते विभाग शिक्षक भेजे नही तो कलेक्टर से शिकायत कर जल्द ही स्कूल में नाराज ग्रामीण ताला जड़ कर विरोध करेगें।

ग्राम पंचायत खाड़ा सरपंच नंद कुमार साहू ने कहा जर्जर शौचायल की मरम्मत के लिए पंचायत में फंड ही नही है। आमटी आबादी पारा में कार्यरत शिक्षिका के देरी से स्कूल पहुचने की शिकायत है, वही शिक्षिका ने बताया कि बस से आने पर देरी हो जाती है। गौर हो कि बीते पखवाड़े भर पहले जिलाशिक्षाधिकारी दुर्ग अरविंद मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्रो के स्कूलों में निरीक्षण कर हिदायत दी थी। इसके बावजूद कई शिक्षक स्कूल नही पहुंच रहे हैं। निकुम सेजस हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में शिक्षको की कमी है,कमरे की कमी ,अधूरे बाउण्ड्रीवाल फिर भी अधिकारी जिम्मेदार अधिकारी मौनव्रत कर बैठे है।

## अंचल की खबरें

### मनाया छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव



**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी में रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी के नेतृत्व में हुआ। सरपंच चौधरी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि चावल उत्सव का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण चावल उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी परिवार भूखा न रहे। इस आयोजन में पीडीएस संचालक जामवंत देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही कार्यक्रम में ग्रामीण जन मोहन लाल, तोरण निषाद, कुमार पटेल, ईश्वर निषाद, राजकुमार निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### धनराज बने प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के विशेष सदस्य

**अंडा।** दुर्ग जिला पाटन विधानसभा के दक्षिण पाटन से सक्रिय व वरिष्ठ भाजपा नेता धनराज साहू को प्रदेश किसान मोर्चा में विशेष आमंत्रित सदस्य



के रूप में मनोनीत किया गया है। धनराज साहू सक्रिय भाजपा नेता के साथ भाजपा संगठन में वर्षों से कार्य करते रहे है साथ ही किसानों की सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष व जल उपभोक्ता संस्था में निर्वाचित सदस्य रह किसान हित में भी अनेकों कार्य किये है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह , प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर द्वारा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति व पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा किया गया है। धनराज साहू के प्रदेश किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य बनने पर

### दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता में जुटे ग्रामीण



**बोरी।** प्रतिनिधि ग्राम एवं तहसील बोरी मेला मंडाई के शुभ अवसर पर गांव में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दूर से पहुंची मानस मंडलियों ने भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं और दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। आयोजन के दौरान ग्रामीणों ने भजन-कीर्तन का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से गोपेन्द्र राजपूत, पन्ना निषाद, प्रेमा देवांगन, मयंक देशमुख सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच संचालन और निर्णायक मंडल कार्यक्रम का सफल मंच संचालन माधव देवांगन, शिव चरण साहू एवं सूरज देशमुख द्वारा किया गया। वहीं प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में अरुण कौशिक, धनेश साहू एवं नंद किशोर देशमुख ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विधायक ने कबड्डी खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



**दुर्ग।** ग्राम हनोदा के भादर चौक में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए।

विधायक चंद्राकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने क्षेत्रीय खिलाड़ियों के अनुशासन और खेल भावना को देखकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में न केवल शारीरिक दक्षता बढ़ती है, बल्कि टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भी विकास होता है, जो समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। इस अवसर पर करगाडीह सरपंच करण कुमार सेन, सोसायटी फत्ते लाल वर्मा, हनोदा सरपंच लक्ष्मी साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिजनेस न्यूज

### आरोग्यवेदा हॉस्पिटल का स्वास्थ्य शिविर 17 को

**भिलाई।** आरोग्यवेदा हॉस्पिटल उतई शुभम के मार्ट के पास नगर पंचायत उतई में 17 जनवरी शनिवार को रीढ़, नस,हड्डी स्वास्थ्य परीक्षण व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिवर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। असुविधा से बचने के लिए शुल्क 100 रुपए देकर पूर्व पंजीयन कर सकते हैं। अस्पताल




के संचालक डॉ. प्रेमलाल पटेल बीएनवायएस (इंटीग्रेटेड स्पाइन व ज्वाइंट केयर स्पेशियलिस्ट,फेलोशिप - बेसिक व एडवांस एक्यूपंक्चर (एनआईएन पुने-मिनिस्ट्री ऑफ आयुष) 20+वर्ष अनुभव और पूर्व चिकित्सक फुकेत-थाइलैंड, दिल्ली, कलकत्ता, बैंगलोर एवं लोनावला के अनुसार साईटिका, नसों का चिपकना, वातरोग, उठते या बैठते समय चक्कर आना,लकवा, शून्यता, झुनझुनापन,जोंड़ो में दर्द व जकड़न, सूजन व बैठने, खड़े होने, चलने में कठिनाई होना, एड़ी की हड्डी दर्द व हड्डी बढ़ना, आपरेशन के बाद जकड़न व अन्य तकलीफ,भूख न लगना, गैस, एसीडिटी, कब्ज़ व बवासीर,मासिक धर्म संबंधी समस्या, गर्भाशय में गांठ (रसौली), बांझपन, पीसीओएस/पीसीओडी,सिरदर्द, माइग्रेन, डिप्रेशन व अनिद्रा,मोटापा, शुगर-डायबिटीज, हाई व लो ब्लड प्रेशर का परीक्षण व सलाह, होलिस्टिक मेडीसीन पद्धति व मशीनों द्वारा चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती है। आरोग्यवेदा संस्थान नर्सिंग होम एक्ट में लाइसेंस पंजीकृत है।

### मोदीकेयर बिजनेस रोजगार का बेहतरीन अवसर

**भिलाई।** मोदीकेयर बिजनेस लोगों के लिए रोजगार के बेहतरीन अवसर लेकर आया है। भिलाई में पासपोर्ट के लिए जाने पहचाने श्रीकांत जैन ने बताया कि पिछले 2-3 वर्षो से बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी से लोग परेशान है। हम सब कुछ न कुछ करना चाहते है और बहुत से लोग अतिरिक्त आय का साधन भी तलाश रहे है। ऐसे में मोदीकेयर बिज़नेस एक बेहतरीन अवसर है। हम सभी कहीं न कहीं से अपनी रोज की जरुरत का सामान खरीद कर ला रहे है, आपको



कुछ नहीं करना है, बस आपको अपनी दुकान बदलनी है और आपके घर खर्च पर आपको 30 से 50 प्रतिशत की बचत व फायदा शुरू हो जाएगा। फ्री रजिस्ट्रेशन होने के बाद अगर लोग लगभग 3000 - 3500 की खरीदारी करते है तो आपको सभी सामान पर 20 से 25 प्रतिशत की छूट के साथ 10 से 15 प्रतिशत का फ्री गिफ्ट तुरंत प्राप्त होगा। आपके बैंक खाते पर 2 से 6 प्रतिशत कैश बेक आयेगा और 6 महीने लगातार खरीदारी करने पर सातवें महीने, आपके औसत खरीदारी का एक महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 17 प्रतिशत और 12 महीने लगातार खरीदारी करने पर तेरहवें महीने दो महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 25 प्रतिशत इस तरह से आपको लगभग 60 प्रतिशत की बचत व फायदा हो जाएगा । आप बचत के साथ-साथ अपना खुद का बहुत बड़ा बिज़नेस भी बना सकते है। अधिक जानकारी के लिए सड़क 20 स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस मोदीकेयर डीपी स्टोर पर या 98271 16933, 94791 74525 पर संपर्क कर सकते है। यहां पासपोर्ट, वीसा, टिकट व पैकेज टूर विशेष ऑफर के साथ उपलब्ध है। श्रीकांत जैन और उनकी टीम पिछले 5 वर्षो से लगातार इस बिज़नेस को पूरे कर रहे है और बहुत से लोगों को बेहतरीन इनकम बनाने पर सहयोग कर रहे है। श्रीकांत जैन का मानना है की अगर सिर्फ और सिर्फ दुकान बदलने से 50 प्रतिशत की बचत व फायदा हो सकता है। बातचीत के दौरान श्रीकांत जैन ने बताया कि वे मोदीकेयर बिज़नेस के साथ पासपोर्ट ट्रेवल बिज़नेस भी कर रहे है। अपने साथ टीम वर्क के लिए बिज़नेस पार्टनर की तलाश कर रहे। अगर आप किसी प्रकार की अतिरिक्त आय इनकम के बारे पर सोच रहे है तो हमसे एक बार मिलकर व्यसायिक अवसर के बारे में जानकारी अवश्य लें।

# विद्यार्थियों को अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




भारती कृषि महाविद्यालय दुर्ग में वार्षिक समारोह उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत उद्बोधन से हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रमों में पारंपरिक एवं आधुनिक नृत्य, संगीत ,गायन, नाट्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतिया शामिल रहीं, जिन्हें दर्शको ने भरपूर सराहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समूह प्रमुख सुशील चंद्राकर ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि हमारे राष्ट्र का प्रमुख उद्यम है तथा कृषि विज्ञान शिक्षा का हमारे सामाजिक, आर्थिक उन्नयन में महती भूमिका है और समय की मांग है। विद्यार्थी आधुनिक तकनीकों के साथ कृषि क्षेत्र में नवाचार करने के लिए संकल्पित हो। समारोह में महाविद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद संबंधी वार्षिक प्रतिवेदन

■ भारती कृषि महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना वार्षिकोत्सव

प्राचार्य डाक्टर अनिल कुमार दुबे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारती समूह के सयुंक्त प्रबंध संचालक द्वय शालिनी चन्द्राकर, जय चंद्राकर, डॉ. मानस रंजन होता, प्राचार्य भारतीय आयुर्वेद महाविद्यालय दुर्ग तथा प्रबंधन समिति के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सांकृतिक कार्यक्रम में संकाय सदस्य योगेश सोनकेशरिया, नवनीत महंत, डॉ. झनेन्द्र पटेल, डॉ. मुकेश कुमार प्रजापति, डॉ. सौरभ साहू, डॉ. अनुश्री श्यामकुंवर, भारती यादव, डॉ. स्वाति कुंजाम, सुलेखा केशरी तथा छात्र-छात्राओ का योगदान रहा।

**लगातार मिल रही थी शिकायतें**

# नंदिनी में प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

यहां प्रशासन ने शिकायतों के आधार पर बुधवार को अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की. इस हेतु पूर्व में मुनादी कराई गई थी, फिर भी अतिक्रमणकार्यों द्वारा कब्जा न हटाए जाने पर पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पांडे एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राधे श्याम वर्मा तहसीलदार की उपस्थिति में कब्जा हटाने की कार्यवाही दोपहर 3:00 बजे बस स्टैंड, अटल चौक एवं जेके लक्ष्मी सीमेंट बायपास रोड



चौक में की गई। सड़क बाधा हेतु प्रेमलाल साहू, अनिल, संतु साहू, घनश्याम होटल, पंजाब मेडिकल स्टोर, मनोज देवांगन, लखन लाल देशमुख, गौरव नाहटा एवं विजय अग्रवाल सहित कल 09 लोगों पर चालान करते हुए कुल राशि 4500 रुपए अर्थदंड लगाया गया।


## :: शपथपत्र ::

मैं शपथकर्ता मोहम्मद इरफान पिता नूर मोहम्मद निवासी :- 133, सडक नं. 4,5,6 एवं 7 तक चंद्रनगर कोहका वार्ड नं. 14 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित हलफनामा बयान शपथपूर्वक पेश करता हूँ कि :–

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. मेरे कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के अंकसूची में मेरा नाम इरफान मोहम्मद (IRFAN MOHAMMAD) पिता नूर मोहम्मद (NOOR MOHAMMAD) दर्ज है।
3. मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम मोहम्मद इरफान (MOHAMMAD IRFAN) पिता नूर मोहम्मद (NOOR MOHAMMAD) दर्ज है जो सही व सत्य है तथा मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूं।
4. मेरे समस्त शासकीय, अर्ध्दशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मोहम्मद इरफान (MOHAMMAD IRFAN) पिता नूर मोहम्मद (NOOR MOHAMMAD) दर्ज व पढ़ा जावे।

अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथनों के संबंध में श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

## :: शपथपत्र ::

मैं शपथकर्ता हबीबुल रहमान पिता मोहम्मद सुलेमान निवासी:– मकान नं. 1273, कैलाश नगर, कुरूद फातिमा बिल्डिंग के पीछे, जामुल सीमेंट वर्क्स भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिंखित हलफनामा बयान शपथपूर्वक पेश करता हैं कि :–

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. मेरे कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के अंकसूची में मेरा नाम हबीबुर रहमान (HABIBUR REHMAN) पिता मोहम्मद सुलेमान (MOHD. SULEMAN) दर्ज है।
3. मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम हबीबुल रहमान (HABIBUL REHMAN) पिता मोहम्मद सुलेमान (MOHAMMAD SULEMAN) दर्ज है जो सही व सत्य है तथा मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूं।
4. मेरे समस्त शासकीय, अर्ध्दशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम हबीबुल रहमान (HABIBUL RAHMAN) पिता मोहम्मद सुलेमान (MOHAMMAD SULEMAN) दर्ज व पढा जावे।

अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथनों के संबंध में श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



### पुष्पा को मिला आईएसईआई एक्सीलेंस अवार्ड

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–3 की महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस को उनकी पुस्तक फ्रॉम प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस' के लिए आईएसईआई एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान रायपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़े लोग उपस्थि थे। एक्सीलेंस अवार्ड सुरक्षा, नैतिकता और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

### सेक्टर 10 में निःशुल्क फिजियोथेरेपी केन्द्र उद्घाटित



**भिलाई।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सेक्टर10 में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा स मस्कुलर डिस्ट्रॉफी तथा ऑटिज़्म से पीड़ित बच्चों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया गया। यह केन्द्र बीएसपी के सीएसआर के तहत यह केंद्र सेक्टर 10 के मेंटेनेंस ऑफिस परिसर में स्थित है। विवेकानंद जन सेवा केन्द्र का संचालन सेवा फाउंडेशन द्वारा, ऑफिसर्स एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने बच्चों तथा उनके परिवारों के दर्द को समझते हुए उनके लिए कार्य करना प्रशंसनीय है। स्वगत उदबोधन नरेंद्र कुमार बंछोर व अध्यक्ष एसके जैन ने कार्यों पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन जीएम शिवराजन नायर ने किया।

### टाउनशिप में हटाए गए होर्डिंग्स



**भिलाई।** टाउनशिप के प्रमुख मार्गों और चौराहों के आसपास अनाधिकृत होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर्स और अन्य प्रचार सामग्रियाँ हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सुरक्षा एवं स्वच्छता की दृष्टि से ये अनाधिकृत प्रचार सामग्रियाँ न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न कर रही थीं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को भी बढ़ा रही थीं। साथ ही, ये सामग्रियां सुनियोजित टाउनशिप के स्वच्छता एवं सौंदर्य मानकों को प्रभावित कर रही थीं। यह अभियान नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित क्षेत्रों को अनाधिकृत प्रचार सामग्रियों से मुक्त किया जा सके।

### सुभाष कुमार सोनी को पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा सुभाष कुमार सोनी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। विश्वविद्यालय में आयोजित पीएचडी वायवा में



बाह्य परीक्षक डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा अध्यक्ष मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान उज्जैन थे। शोध का विषय पंचायती राज व्यवस्था में जन समस्या के निवारण में ग्राम सभा की भूमिका का अध्ययन था। उनके शोध निर्देशक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, प्राध्यापक शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ और सह शोध निर्देशक डॉ. डीएन सूर्यवंशी सेवानिवृत्त प्राचार्य सुराना महाविद्यालय दुर्ग थे। शोध केंद्र निर्देशक डॉ. प्रमोद यादव, विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग सुराना महाविद्यालय थे। सुभाष की इस उपलब्धि पर सुराना महाविद्यालय के प्राचार्य और सभी प्राध्यापकों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## रिटायर संयंत्र कर्मियों का आ रहा अट्ठारह से बीस हजार रुपए आवास किराया

# रिटेंशनधारियों की कम नहीं हो रही मुश्किलें चौबीस रुपए वर्गफुट का नया बिल, असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के आवासों में रह रहे रिटेंशनधारियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भारी किराया वृद्धि की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी अब भारीभरकम नए बिलों से परेशान हैं। कुछ आवासधारी मजबूरन मकान खाली करने की तैयारी कर रहे हैं वहीं अधिकतर रिटेंशनधारियों ने प्रबंधन और सांसद विजय बघेल से किराया वृद्धि राशि तत्काल वापस लेने की मांग कर रहे हैं। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में सेवानिवृत्त संयंत्र कर्मियों को रिटेंशन पर दिए गए क्वार्टरों के किराया राशि बढ़ाने का विरोध बढ़ता जा रहा है। 24 रुपए प्रति वर्ग फुट रेंट बढ़ाने से सैकड़ों रिटेंशनधारियों में चिंता के साथ असंतोष बढ़ रहा है। सांसद विजय बघेल व विधायक देवेंद्र यादव के प्रबंधन से चर्चा व समाधान के लिए प्रयास जारी होने के आश्वासन के बाद भी प्रबंधन द्वारा 24 सौ रुपए के नए बिल भेजे गए हैं। इससे चिंतित रिटेंशधारियों ने बैठक कर समाधान के लिए प्रबंधन व सांसद पर दबाव बनाने पर जोर दिया। रिटेंशन स्कीम के तहत विभिन्न सेक्टरों के आवासों में किराए पर रह रहे रिटायर आवासधारियों ने कहा कि मकान का इतना अधिक किराया कहां से भुगतान करेंगे। 18 से बीस हजार किराया आ रहा है। प्रबंधन रिटेंशन के किराया वृद्धि को वापस ले। मांग पूरी नहीं होने पर पर आंदोलन किया जाएगा।

**सांसद बघेल से मिलकर किराया वृद्धि जल्द वापस कराने की गुहार**



**विधायक देवेंद्र भी करेंगे पैदल मार्च**

पिछल महीने सेक्टर नौ हास्पिटल व मैत्रीबाग के निजीकरण सहित रिटेंशन किराया वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर पांच दिन तक आमरण अनशन पर बैठे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने 25 जनवरी को पैदल मार्च निकालने की तैयारी कर रहे हैं। वे रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने की मांग को लेकर जन जागरण अभियान पर घर घर जाकर रायशुमारी व समर्थन बाद फिर आंदोलन करेंगे। चौदह सौ रिटेंशनधारी अलग अलग सांसद व विधायक से मिलकर प्रबंधन पर दबाव बना रहे हैं।

**बीएसपी प्रबंधन से की मांग**

रिटेंशनधारी रिटेंशन आवासों की किराया वृद्धि वापसी के लिए चौतरफा प्रयास कर रहे हैं। रिटेंशनधारी संगठन के बैनर तले साप्ताहिक बैठक लेकर रिटेंशधारियों को एकजुट कर रहे हैं। वे एक तरफ अपने बीएसपी में दीर्घ योगदान व रिटायर बाद आर्थिक तंगहाली का हवाला दे प्रबंधन से किराया वृद्धि वापस लेने की मांग कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सांसद से भी गुहार कर रहे हैं। रिटेंशनधारियों ने मंगवलवार को सांसद विजय बघेल से मिलकर 24 रुपए प्रति वर्ग फुट किराया वृद्धि को जल्द दिल्ली स्तर पर बात कर वापस करवाने की मांग की। रिटेंशनधारियों ने बताया कि सांसद श्री बघेल ने प्रबंधन से चर्चा व प्रयास जारी होने का आश्वासन दिया है।

## सुपेला संडे बाजार हटाने एसएसपी से की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- 10 फीट में सिमटी 100 फीट की सड़क
- जनहित संघर्ष समिति ने की संडे बाजार व्यवस्थित करने की मांग

जनहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सुपेला संडे बाजार हटाने एसएसपी विजय अग्रवाल से गुहार लगाई है। संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि बीच रोड में लगने वाले संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था, मगर स्थिति फिर ज्यों की त्यों बनने बन गई है। शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार 10 फीट में सिमट जाती है। यंहा से रोज हजारों वाहन गुजरते हैं। संडे बाजार की व्यवस्था फिर चरमरा गई है। सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति रहती है। संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। वहीं फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं। व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं और लोग रेंग रेंगकर चल रहे हैं। पटरी पार के लोगों के लिए यह एक ही रास्ता है जहां से लोग आईआईटी, रुंगटा कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में आना-जाना करते हैं और यहीं से संयंत्र कर्मी भी आना-जाना करते हैं। ज्ञापन देने वालों में जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता, बृजमोहन उपाध्याय, सुभाष शर्मा, कन्हैया सोनी, विशालदीप नायर, बंटी नाहर आदि शामिल हैं।

## कार्रवाई बेअसर, मकर संक्रांति पर खुलेआम बिका चाइनीज मांझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- जान जोखिम में डाल चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाते दिखे लोग

नगर निगम और पुलिस की कार्रवाई के बावजूद दुर्ग जिले में मकर संक्रांति के दिन बुधवार को चाइनीज और नायलॉन मांझा खुलेआम बिकता रहा। कुछ लोगों को छोड़ दें तो बड़ी संख्या में लोग प्रतिबंधित चाइनीज मांझा से ही पतंग उड़ाते नजर आए। इस प्रकार खुलेआम बिक्री से प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मकर संक्रांति से एक दिन पहले नगर निगम भिलाई और पुलिस ने संयुक्त रूप से चाइनीज मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया था। इसके साथ ही सख्त चेतावनी भी दी गई थी। बावजूद इसके व्यापारियों के हौसले इतने बुलंद रहे कि कार्रवाई और चेतावनी का कोई असर नहीं दिखा। भिलाई शहर के सुपेला, फरीदनगर, पावर हाउस सहित कई इलाकों में सुबह से ही दुकानों पर चाइनीज मांझा खरीदने ग्राहकों की भीड़ लगी रही। 14 दिसंबर को अल सुबह से ही चाइनीज मांझे की खरीदी बिक्री शुरू हो गई थी। इस दौरान पतंग दुकानों में काफी भीड़ रही। खुर्सीपार श्रीराम चौक के पास स्थित मैदान में चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाते नजर आए।

## करहीडीह वार्ड 15 में अवैध चखना दुकान पर बवाल, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मोहन नगर थाना अंतर्गत करहीडीह क्षेत्र वार्ड 15 में ड्रीम सिटी प्लॉट के समीप खुलेआम नशाखोरी को लेकर बवाल मचा। शीतला मंदिर के पीछे करहीडीह निवासी व्यक्ति द्वारा चखना दुकान लगाया जा रहा है। इसके आसपास अज्ञात तत्वों द्वारा नशाखोरी की जा रही है। स्थानीय नागरिकों एवं भूमि स्वामी विकास राजपूत के अनुसार कई बार समझाइश देने के बावजूद संबंधित व्यक्ति कुछ रसूखदारों का नाम लेकर खुलेआम अवैध गतिविधियां जारी रखे हुए हैं। हालात ऐसी बन चुकी है कि असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। महिलाओं व बच्चों में भय का माहौल है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने मोहन नगर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। शिकायतकर्ताओं में ललित साहू, विकास राजपूत शामिल हैं। वे श्रमजीवी पत्रकार संघ से जुड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि अवैध चखना दुकान पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।




## ट्रैफिक पुलिस ने संस्कृति से सुरक्षा को लेकर किया पतंग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- लोगों को जागरूक करने आयोजन

ट्रैफिक पुलिस द्वारा मकर संक्रांति पर्व के दौरान लोगों को जागरुक करने के लिए पतंग महोत्सव का आयोजन हेलीपैड ग्राउंड सिविक सेंटर में आयोजित किया गया। संस्कृति से सुरक्षा की थीम पर कार्यक्रम आयोजित था। इसमें सांस्कृतिक परंपराओं को सड़क सुरक्षा के संदेश से जोड़ते हुए नागरिकों में यह संदेश देना था की जिस प्रकार पतंग में रस्सी बंधी रहने से सुरक्षित आसमान में उड़ता हैं। उसी प्रकार वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करते हैं। तो सड़क में हम सुरक्षित रहते हैं ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी एवं अनुशासन की भावना को सशक्त करना रहा।

कार्यक्रम में दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, ट्रैफिक सलाहकार दिनेश टांक, वीएन पाण्डेय मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, नागरिकों एवं बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से पतंग उड़ाया। देव संस्कृति स्कूल की छात्राओं द्वारा देश के विभिन्न शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति दी। दिशा इंस्टट्यिूट, वायआई हर्ष जैन, आशु पांडे, वसीम खान समेत संस्थाओं एवं व्यक्तियों को जागरूकता में योगदान देने के लिए सम्मानित किया। विंटेज वाहनों की झांकी, रॉयल एनफील्ड एवं टीवीएस द्वारा हेलमेट आधारित सेफ्टी राइडिंग स्टॉल, स्कोडा, हुंडई, टाटा द्वारा सीट बेल्ट आधारित सेफ्टी ड्राइविंग स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में दो हजार लोग मौजूद थे।

## मदर टेरेसा नगर में बनेगा उद्यान डोम शेड और होगी प्रकाश व्यवस्था

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत उद्यान एवं पेवर ब्लाक का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं स्थानीय पार्षद शकुंतला साहू द्वारा वार्ड 53 सेक्टर 1 अंतर्गत पावर हाउस रेल्वे स्टेशन के सामने उद्यान का अवलोकन किया गया है। उद्यान के अंदर डोम शेड लगाने के संबंध में चर्चा की हैं। सड़क 3, 4, 5, 6 एवं 7 में रोड किनारे नागरिकों की सुविधा हेतु नया पेवर ब्लाक लगाया गया है, जिसका अवलोकन किया गया है। सड़क 3 के समीपस्थ उद्यान का अवलोकन किये, उद्यान में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था कराने कहा गया है। साथ ही उद्यान में पूर्व से स्थापित खेल सामग्री का संधारण कराने कहा गया है, जिससे बच्चों का मनोरंजन हो सके। उद्यान में साफ-सफाई एवं सिंचाई व्यवस्था को और बेहतर करने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सुपरवाइजर श्याम ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## व्यापारी संघ ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह सांसद विजय ने किया डोमशेड का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-6 व्यापारी संघ के तत्वावधान में सेक्टर-5 मार्केट में व्यापारीयों द्वारा नववर्ष मिलन समारोह मनाया गया है। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल और उनकी पत्नी रजनी बघेल उपस्थित थे।

सांसद विजय बघेल के सांसद निधि से सेक्टर-5 मार्केट में निर्मित विशाल डोम शेड का लोकार्पण किया गया। समस्त व्यापारी संघ व नागरिकों को नव वर्ष मिलन समारोह की बधाई देते हुए व्यापारी संघ के योगदान और एकजुटता से सेक्टर-5 मार्केट की अपनी एक अलग पहचान होने की बात कही। इस अवसर पर सांस्कृति कार्यक्रम सहित कुर्सीदौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। अध्यक्ष महोदय अजय कनौजिया ने एकजुटता के साथ मिलकर रहने व काम करने की बात कही। इस दौरान उपाध्यक्ष उमेश पिल्ले, महासचिव सुभाष सोनकर, जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ताम्रकार, संरक्षक पंकज पाल, सुरेश सोनकर सहित आदि उपस्थित थे।







हरिभूमि लाइव
भिलाई, गुरुवार 15 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02

आत्मा से परमात्मा का मिलना...

## लाइव इवेंट

### पांच कुण्डीय महालक्ष्मी यज्ञ और सत्संग भागवत कथा 19 से, 18 को कलश यात्रा



**भिलाई।** सार्वजनिक जनमानस कल्याणार्थ के लिए गुप्त नवरात्रि पर्व पर पांच कुण्डीय महालक्ष्मी यज्ञ और सत्संग भागवत कथा का आयोजन 18 से 27 जनवरी तक सनातन धर्म एकता संघ, भिलाई और श्यामाचरण भारत संघ के तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा। सड़क-11. स्टेट बैंक के पास, सेक्टर-1. भिलाई में नौ दिवसीय कथा का वाचन कथावाचक आचार्य पं विवेकानंद दवरा गुप्त नवरात्र के विधानों की व्याख्या की जायेगी। जिसके लिए सेक्टर 1 कथा स्थल पर भूमिपूजन किया गया। इस दौरान सेक्टर 1 पार्षद शकुंतला साहू, विवेकानन्द शास्त्री, महेश द्वीवेदी, अनिल चौबे, भास्कर राव, पुष्पलता, निरंजन अग्रवाल, भोला पटेल, नीरज गुप्ता, राज कुमार, करण सिंह, बी पी चौरसिया, स्वर्णलता चौरसिया, के.सी. मोहंती, झुनु मोहंती उपस्थित रहे।

आयोजको ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे से कलश यात्रा निकाली जायेगी और 19 जनवरी से कथा का समय दोपहर 3 बजे से रहेगा। इस दिन सुबह मण्डप प्रवेश, मण्डप पूजन सुबह 9 बजे, अग्नि मंथन, 10 बजे और हवन 11 बजे किया जायेगा। जिसके बाद भण्डारा प्रतिदिन दोपहर साढ़े 12 बजे से ढाई बजे तक किया जायेगा। भागवत महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे और आरती शाम 6 बजे होगी। कथा समापन 27 को होगा। इस दौरान कन्या पूजन दोपहर 12 बजे, हवन और पूर्णाहुती शाम 4 बजे और उसके बाद महाभण्डारा का वितरण किया जायेगा।

## लाइव इवेंट

### योग, संयम, तप भारत की आत्मा, इसी मार्ग पर चलकर युवा बने सशक्त और राष्ट्रनिर्माता



**भिलाई।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आर्य वीर दल के आयोजन में युवाओं द्वारा सामूहिक योगाभ्यास और व्यायाम किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद के विचारों के अनुरूप युवाओं में शारीरिक, मानसिक और नैतिक शक्ति का विकास करने के लिए किया गया था।

**युवा देश का भविष्य :** इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के युवाओं के आदर्श फिल्मी हीरो-हीरोइन नहीं, बल्कि हमारे ऋषि-मुनि, संत और देवता होने चाहिए। उन्होंने कहा कि योग, संयम, तप और सेवा की परंपरा ही भारत की आत्मा है और इसी मार्ग पर चलकर युवा सशक्त, चरित्रवान एवं राष्ट्रनिर्माता बन सकते हैं। इस अवसर पर आर्य वीर दल दुर्ग जिला संचालक कृष्णमूर्ति आर्य, जिला मंत्री हिमांशु आर्य, आर्य वीर दल अधिष्ठाता सेक्टर-6 राज कुमार भल्ला, आचार्या गीता वेदालंकार संचालिका आर्य वीरांगना दल छग, कविता आर्या प्रांतीय मंत्री, प्रांतीय कोषाध्यक्ष साक्षी आर्या, प्रांतीय प्रचार मंत्री तुषार आर्य सहित अवनी भूषण पुंरग, मनोज आर्य, संजय आर्य, आचार्य दिलीप, आचार्य संदीप, आचार्य अंकित शर्मा, आचार्य अजय आर्य, वसंत वर्मा, राजेश यादव, रामनिवास गुप्ता और रवि आर्य उपस्थित रहे।

### हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की क्रिकेट पुरुष टीम आगे, क्वालीफाई मैच 17 को



**भिलाई।** कलिंगा विश्वविद्यालय ओडिसा में 10 से 22.जनवरी तक आयोजित ईस्ट जोन क्रिकेट प्रतियोगिता में हेमंचद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की क्रिकेट पुरूष टीम लगातार चौथे मैच में जीत हासिल की। टीम के खिलाड़ियों ने लगातार शानदान प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप और खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने शुभकामनाएं दी। खेल संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रिकेट टीम ने पहला मैच वाय.बी.एन. विश्वविद्यालय रांची से एकतरफा 10 विकेट जीत हासिल की और दूसरे मैच में झारखण्ड को 9 विकेट से पराजित किया। इन दोंनों ही मैचों में अभ्युदय ने 4-4 विकेट लिये। चिन्मय ने 3-3 विकेट लेकर जीत में सहयोग किया। वही तीसरे मैच में ओडिसा को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम 48 रन से पराजित किया। खिलाड़ियों ने 1-1 विकेट लिये एवं चौथे मैच में पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर के साथ रहा जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की टीम 20 ओवरों में 208 रनों का पहाड़ स्कोर का लक्ष्य रखा। 121 रनों की विशाल अंतर से जीत हासिल की। इस टीम के मैनेजर मुरली मनोहर तिवारी क्रीड़ाधिकारी है। क्रिकेट टीम का अगला क्वालीफाई मैच 17 जनवरी को पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय पटना से होना है।

---

● मकर संक्रांति पर ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात तक हुआ पूजन, शाम को हजारों दीपों की रौशनी से मंदिर रोशन

# सबरीमाला की तर्ज पर अयप्पा मंदिर में मनाई गई मकर संक्रांति, 41 दिनों का व्रत करने वालों ने 18 पवित्र सीढ़ियां चढ़कर अयय्पा स्वामी के किये दर्शन

**दान-तप और साधना का पर्व मकर संक्राति सभी समाज द्वारा अपनी-अपनी परंपरानुसार बुधवार को मनाया गया। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश बुधवार के दोपहर बाद होने के कारण अनेक स्थानों में सूर्योदय तिथि के अनुसार आज यानी गुरुवार को मकर संक्राति विधि-विधान से मनाई जायेगी। सूर्य उत्तरायण का पर्व संक्राति उत्तर भारत में खिचड़ी और दक्षिण में पोंगल मनाया जायेगा।**





### व्रतधारी धारण करते हैं सिर पर पोटली

अयप्पा मंदिर में मकर संक्रांति पर सुबह 4.30 बजे गणपति होम, अभिषेक, भागवत परायण और उषा पूजन किया गया। सुबह पल्लिकेट्टु के बाद श्रद्धालु पवित्र सीढ़ियां चढ़कर भगवान के श्रीविग्रह का दर्शन किया। श्रद्धालुओं के सिर पर पोटली जिसे इरूमुड़ी कहा जाता है। इस पोटली में पूजन की सामग्री से श्रद्धालु गर्भगृह पहुंचकर भगवान का घी से अभिषेक पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चारण कर किया गया। भगवान अयप्पा मंदिर में शाम को दीप आराधना की गई। मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर गर्भगृह, पूजा स्तंभतक हजारों दीप प्रज्वलित किए गए। इसके पश्चात भजन-कीर्तन, भोग पूजा संपन्न हुई।

### मानव के तीन गुणों को दर्शाती 18 सीढ़ियों का विशेष महत्व

मान्यतानुसार मंदिर की 18 सीढ़ियों में से पहली पांच सीढ़ी को मनुष्य की पांच इन्द्रियां को कहा जाता है। इसके बाद की आठ सीढ़ियां आठ भावनाओं की प्रतीक हैं। अगली तीन सीढ़ियां मानव के तीन गुणों को दर्शाती है। आखिरी दो सीढ़ियां ज्ञान अज्ञान का प्रतीक हैं। यह भी मान्यता है कि सनातन धर्म के 18 पुराणों, 18 शस्त्रों, 18 सिद्ध पुरुष, 18 देवता और 18 गुण से इन सीढ़ियों को जोड़ा जाता है।

**भिलाई।** वही बुधवार को केरल के प्रसिद्ध भगवान अयप्पा मंदिर की तर्ज पर भिलाई सेक्टर 2 अयप्पा मंदिर में धार्मिक परंपरानुसार सिर पर ईरीमुड़ी धारण कर यात्रा निकाली गई और मंदिर में निभाई गई। इस अवसर पर 18 पवित्र सीढ़ियां भक्तों के लिए खोली गई। 41 दिनों तक कठिन व्रत कर रहे श्रद्धालुओं को ही मंदिर की 18 पवित्र सीढ़ियां चढ़कर मंदिर में प्रवेश करने का अवसर मिला। श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा कठिन व्रत का समापन भी मकर संक्रांति के दिन किया गया। हर वर्ष 14 जनवरी को होने वाले इस आयोजन के लिए अय्यपा मंदिर को दीपों से सजाया गया था। पूजा संपन्न कराने विशेष रूप से केरल से विद्वान पुजारी भिलाई पहुंचे थे। मकर संक्राति सुबह 4.30 बजे से भगवान का अभिषेक किया गया। श्रद्धालु सेक्टर 5 गणेश मंदिर से ईरीमुड़ी यानी नारियल के अंदर घी डालकर, चावल और अन्य पूजा सामग्री को गठरी में बांधकर सिर पर रखकर गणपति पूजा के पश्चात गाजे-बाजे के साथ यात्रा करते हुए सेक्टर 2 अय्यपा मंदिर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने 18 पवित्र सीढ़ियों से ऊपर मंदिर में विराजे स्वामी अय्यपा का दर्शन किय और स्वामियों द्वारा लाए गए ईरीमुड़ी के घी और अन्य सामाग्रियों से अय्यपा स्वामी अभिषेक किया गया। जिसके बाद पारंपरिक भोज का आयोजन भी किया गया। शाम हजारों ज्योति प्रज्वलित कर दीप आराधना और आतिषबाजी की गई। जिसके बाद प्रसादी वितरण किया गया।

### साल में दो बार खुलती है पवित्र सीढ़ी

मंदिर की परंपरा के अनुसार श्रद्धालु आम दिनों में मंदिर के पीछे स्थित द्वार से होकर भगवान की पीठ के पीछे से परिक्रमा करके मुख्य गर्भगृह के सामने आकर दर्शन करते हैं। मकर संक्रांति पर 41 दिनों के व्रत का संकल्प लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए साल में दो बार मंदिर की पवित्र सीढ़ियों को खोला जाता है। इन सीढ़ियों से केवल व्रत करने वाले जाते हैं। पहली बार मंदिर में होने वाली मंगल पूजा पर और दूसरी बार मकर संक्रांति पर सीढ़ियां खुलती हैं। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के अलावा अन्य श्रद्धालु पीछे के द्वार से दर्शन करते हैं।





---

## 260 बच्चों ने जाना स्वस्थ आहार और ब्रशिंग टेक्निक्स, मिला टूथपेस्ट सर्टिफिकेट



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई के डॉक्टर्स द्वारा नारायाणा ई टेक्नो स्कूल जुनवानी में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में 3 वर्ष से 12 वर्ष आयु तक के करीब 260 बच्चों का दंत परामर्श किया गया। साथ ही सभी बच्चों और शिक्षिकाओं को उनके उपचार के संबंधित जानकारी दी गई। इस शिविर में बच्चों को स्वस्थ आहार विभिन्न ब्रशिंग टेक्निक का जागरूकता व्याख्यान डॉक्टर श्रेणिक नाहटा द्वारा दिया गया। आईडीए अध्यक्ष डॉ दीप्ति राठौर ने स्कूल प्राचार्य एवं सभी शिक्षिकाओ का आभार व्यक्त किया। डॉ साइली कुरैशी, डॉ स्मिता श्रीवास्तव, डॉ दिक्षाली इंदुरकर, डॉ सविता कब्डवाल, डॉ श्रेणिक नाहटा, डॉ रजत जैन, डॉ सुयोग जैन, डॉ रिया जैन, डॉ लवप्रीत, डॉ भारती, डॉ शिल्पा कोचर ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर में नारायण स्कूल के प्राचार्य संतोष सारिपल्ली और सहायक महाप्रबंधक नमन शर्मा का विशेष सहयोग रहा।



स्कूल के बच्चों को टूथपेस्ट सर्टिफिकेट, ब्रशिंग टेक्निक के चार्ट प्रकाश साहू रेड्डीस लैब द्वारा दिए गए। इस सेवा कार्य के लिए सभी डॉक्टर्स को आईडीए द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## 5 से 18 वर्ष के बच्चों ने लगाए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल्स, किया मनोरंजन



**भिलाई।** भिलाई राउंड टेबल द्वारा किन्डरजॉय सीजन 9 एवं भिलाई पॉप-अप सीजन 2 का आयोजन दुर्ग में किया गया। किन्डरजॉय 5 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए और बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, कल्पनाशक्ति और उद्यमशीलता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने आकर्षक खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ अपने स्टॉल्स से सभी का मनोरंजन किया। भिलाई पॉप-अप लाइफस्टाइल एग्ज़िबिशन में प्रदेश भर से ब्रांड्स, स्टार्टअप्स और उद्यमी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में परिवारों के लिए म्यूज़िक, मनोरंजन, स्वादिष्ट भोजन और शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव रहा। इस दो दिवसीय आयोजन से प्राप्त राशि नर्धा स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में 8 कक्षाओं एवं 2 शौचालय के निर्माण के उपयोग की जाएगी। भिलाई राउंड टेबल ने इससे पूर्व भी बिरेभात, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन, ननखट्टी, धौर और बोरी सहित कई स्कूलों में 48 कक्षाओं का निर्माण एवं शौचालय ब्लॉक्स का निर्माण किया है। इसके अलावा संस्था समय-समय पर बच्चों के लिए भोजन के बर्तन, जूते, मफलर और जल फिल्टर जैसी आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराती रही है।

---

### श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-04 के प्रांगण में उत्कल उत्सव-2026 की धूम

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 में जगन्नाथ समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में उत्कल उत्सव -2026 का आयोजन किया गया। इस सामाजिक खेलकूद उत्सव में महिला, पुरूष, बच्चे एवं युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। उत्कल उत्सव में गोली-चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर, लकी रिंग गेम, परिवार के लिए बकेट एंड बॉल थ्रो, हैंडबाल थ्रो, स्किपिंग तथा सभी वर्गों के लिए म्यूजिकल आउट गेम आयोजित किये गए। जिसमें लगभग 300 से अधिक सामाजिक लोगों ने अपनी प्रतिभागिता दी। मंदिर प्रांगण में लहराते झंडों के बीच मैदान में बजता म्यूजिक तथा लोगों के उत्साह भरे भागीदारी ने इस आयोजन को एक नई ऊर्जा प्रदान की। प्रतिवर्ष उत्कल उत्सव के तहत विभिन्न वर्गों के लिए मनोरंजक और रोचक खेलकूद का आयोजन किया गया। उत्कल उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थी।

#### अतिथियों ने भी उठाया लुत्फ-

कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि बीएसपी के जेएलएन अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के पूर्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पी के बिस्वाल और डॉ. स्तव्य राय, संतोष लेंका और अंतर्यामी प्रधान सहित समिति के महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने उत्कल उत्सव - 2026 के विविध खेलकूद आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर, लकी रिंग गेम में उत्कलवासियों ने दिखाया दम, श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 में मनाया उत्सव



#### खेलकूद के 18 आयोजन-

खेलकूद आयोजन के प्रभारी त्रिनाथ साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्कल उत्सव-2026 के तहत कुल 18 स्पोर्ट्स कराये गये। जिसमें युवाओं और बच्चों के लिए दौड़, महिलाओं और बच्चों के लिए गोली-चम्मच दौड़, महिलाओं और पुरूषों के लिए म्यूजिकल चेयर, लकी रिंग गेम, परिवार के लिए बकेट एंड बॉल थ्रो, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए हैंडबाल थ्रो, स्किपिंग तथा सभी वर्गों के लिए म्यूजिकल आउट गेम का आयोजन किया गया। प्रत्येक भाग लेने वाले परिवार को नववर्ष कैलेंडर उपलब्ध कराया गया। खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन में फर्स्ट एड आदि की भी व्यवस्था की गई थी।

#### प्रतियोगिताओं में 54 विजेता पुरस्कृत-

उत्कल महोत्सव में अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रत्येक आयोजन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त सभी वालेन्टियर्स को कैप व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

#### आयोजन में लिया हिस्सा

इस कार्यक्रम में समिति के महासचिव सत्यवान नायक सहित बसंत प्रधान, त्रिनाथ साहू, भीमसेन स्वाईं, बी सी बिस्वाल, डी त्रिनाथ, अनिरुद्ध, वृंदावन स्वाईं, अनाम नाहक, प्रकाश स्वाईं, वी के होता, सीमांचल बेहेरा, जगन्नाथ पटनायक, कालू बेहरा, एस दलाई, लखन बिस्वाल ने उत्कल महोत्सव में विशेष भूमिका निभाई।

## सिटी इवेंट

# व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को हेलमेट वितरित



**भिलाई।** नेहरू नगर पूर्व स्थित कालीबाड़ी परिसर में चेंबर ऑफ कॉमर्स के मार्गदर्शन और रॉकी अग्रवाल के संयोजन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्व. जगदीश प्रसाद अग्रवाल और स्व. विमला देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में हुआ। मुख्य अतिथि एसएसपी विजय अग्रवाल थे।

- स्व. जगदीश प्रसाद और स्व. विमला देवी अग्रवाल की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य, रक्तदान व सड़क सुरक्षा शिविर आयोजित

चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि जब व्यापारी समाज स्वास्थ्य, सुरक्षा और सेवा जैसे विषयों पर आगे आता है, तभी सशक्त समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा, रक्तदान और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यक्रम आज की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जीवन की रक्षा करता है। हेलमेट, सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कई परिवारों को गहरे संकट में डाल देती है। उन्होंने जनवरी माह में चल रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नागरिकों को जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एक दिव्यांग बच्ची को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स की विशेष पहल के अंतर्गत व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को 100 हेलमेट वितरित किए गए। भिलाई चेंबर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्र ने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स निरंतर सामाजिक, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जागरूक कर रहा है। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. मानवेंद्र जंघेल, पीडियाट्रिक विशेषज्ञ डॉ. स्वदेश वर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. पूजा गुप्ता ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिसका लाभ सैकड़ों नागरिकों ने उठाया। कार्यक्रम में नेहरू नगर व्यापारी संघ से देवेंद्र भाटिया, मुकेश जैन, दिनेश सिंघल, जगदीश आहूजा तथा पंचशील पंजाबी एसोसिएशन से संरक्षक दीपक भाटिया, नरेश खोसला, अरुण हांडा आदि मौजूद थे।

## धर्म लाइव

# राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भिलाई-चरोदा टीम रही प्रथम



**भिलाई।** 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर चैंपियनशिप में भिलाई-चरोदा नगर निगम की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित कर नगर का नाम रोशन किया। इस अवसर पर हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने विजयी टीम के खिलाड़ियों व कोचिंग स्टाफ से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, अनिल चौधरी, सोम सिंह आदि उपस्थित थे।

- हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर ने खिलाड़ियों व ऑफिशियल्स से मुलाकात कर दी बधाई

## समाज इवेंट

# आचार्य विशुद्ध सागर का मंगल प्रवेश आज, सेवा परिसर का करेंगे नामकरण





**भिलाई।** राजनांदगांव से पैदल विहार करते हुए टोल प्लाजा के बाजू में स्थित सौभाग्य तीर्थ में आचार्य विशुद्ध सागर की अगवानी सौभाग्य तीर्थ में तीर्थ क्षेत्र कमेटी ने की। आचार्य पद प्रक्षालन करते हुए श्रीफल अर्पण किया गया। मानव सेवा परिषद सेक्टर 9 के लिए आचार्य संघ को आमंत्रित किया गया। 15 जनवरी को वे मानव सेवा परिसर बीएसपी चिकित्सालय सेक्टर 9 के बगल स्थित सरोवर के पास दोपहर 4 बजे नामकरण हेतु पहुंचेंगे। जहां मानव सेवा परिसर द्वारा अचार्य संघ के पद प्रक्षालन किया जाएगा। ठाकुरटोला के पास आचार्य श्री ने अपने अमृत वचन मको आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस सौभाग्य तीर्थ का कार्य बहुत तेज गति से चल रहा है। इस अवसर पर प्रदीप जैन बाकलीवाल, किशोर जैन, नेमीचंद बाकलीवाल, सतीश जैन, सुभाष बाकलीवाल, सुधीर काला, सुबोध छाबड़ा, संजय बोहरा सहित अन्य मौजूद थे।

## आज कथा का कपिला तर्पण सहस्त्र धारा अभिषेक के साथ होगा तर्पण

# आत्मा से परमात्मा का मिलना ही महारास, दर्शन करने पहुंचे थे शिव, कृष्ण ने किया कंस का उद्धार

भिलाई। आजकल लोग श्री कृष्ण की रासलीला का अलग ही मतलब निकालते है जो कि सरासर गलत है। जबकि आत्मा से परमात्मा का मिलना ही महारास कहा गया है। यह जो रास है वह शुद्ध है इसलिए तो उजाली रात को भगवान कृष्णा ने महारास रचाया था। वासना रहित महारास होने के कारण ही भगवान शिव भी इस महारास लीला में उपस्थित हुए थे। महारास के संदर्भ में यह गूढ़ बातें आचार्य संदीप तिवारी ने कथा के दौरान कही।प्रेम नारायण सेवा समिति और सम्प्रति सेवा समिति के तत्वाधान में श्री राम भद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की श्रृंखला में छठवें दिन कथावाचक आचार्य संदीप तिवारी ने श्री कृष्ण के माखन चोरी लीला, वृंदावन से मथुरा गमन, गोवर्धन लीला, कंस वध, उद्धव चरित्र, रुकमणि मंगल की कथा विस्तार से बताई। बुधवार को कथा के दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव और क्षत्रिय समाज के अरविंद सिंह ने व्यास पीठ पर माथा टेका और कथा का रसपान किया।







### समुद्र के बीच किया नगरी का निर्माण

कृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर उसका उद्धार किया। कृष्ण द्वारा मथुरा छोड़कर समुद्र के बीच एक नगरी का निर्माण किया गया जिसका नाम द्वारिका पुरी पड़ा और द्वारिकापुरी के राजा होने के कारण इनका एक नाम दवरिकाधीश पड़ा।

### आज होगा भागवत कथा सप्ताह का विश्राम

भागवत कथा सप्ताह का आज विश्राम दिवस होगा। जिसमें सुदामा चरित्र, कृष्ण पत्नियों का राधा रानी से मिलन, उद्धव शोक, यदुवंश विनाश, दत्तात्रेय कथा, परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सविस्तार बताया जाएगा।

### उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आज कथा के विश्राम दिवस पर सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष की कथा के बाद कपिला तर्पण और सहस्त्र धारा अभिषेक के बाद कथा का विश्राम किया जायेगा। जिसके बाद दोपहर 1 बजे से महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। सम्प्रति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा को सुनने प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बाल कृष्ण के माखन चोरी लीला की झांकी देखकर उपस्थित श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में भाव विभोर हो उठे। कथावाचक ने गोवर्धन लीला का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।सात दिन भूखे रहने के कारण लगाते है प्रभु को 56 भोग बुधवार को आचार्य संदीप तिवारी ने कृष्ण लीला को बताते हुए गोवर्धन पर्वत से ब्रज की रक्षा करने के बाद 56 भोग लगाने का अर्थ बताते हुए गोपियों संग महारास लीला का सविस्तार वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता यशोदा प्रभु को कुछ ना कुछ खिलाया करती थी लेकिन गोवर्धन पर्वत को सात दिन बिना कुछ खाये पिये अपनी एक ऊंगली से उठाये रखने के कारण माता ने वात्सल्य भाव के साथ आठ पहर का भोग को सातों दिन मिलाकर एक साथ 56 पहर का भोग खिलाया था इसलिए कथा के दौरान श्री कृष्ण को 56 भोग लगाया जाता है।

## कार्यशाला

# ताइवान के प्रो शैलनट ने दिया सफलता का मूलमंत्र, भूविज्ञान के विद्यार्थियों ने जानी बारीकियां



**भिलाई।** सफलता का मूलमंत्र हमारे अंर्तमन में निहित है। हम सभी को मन से किसी भी कार्य को करने का प्रयास करना चाहिए तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। ये बातें ताइवान नॉर्मल युनिवर्सिटी के भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक प्रोफेसर ग्रेग शैलनट ने कहा। प्रोफेसर शैलनट शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में भू-विज्ञान विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ ऑनलाईन रूप से चर्चा कर रहे थे। साईंस कालेज दुर्ग के भूगर्भशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रो शैलनट के साथ रूबरू होकर भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थी रोमांचित हुये। वे पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक से सीधी बातचीत कर रहे थे। इस ऑनलाईन विचार-विमर्श के दौरान साईंस कालेज दुर्ग के प्रो डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के भू-विज्ञान अध्ययन शाला के विभागाध्यक्ष डॉ. के. आर. हरि और सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास स्वर्णकार, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस ऑनलाईन विचार-विमर्श में भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थी बड़ी संख्या में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन रूप से उपस्थित थे।

डॉ एस डी देशमुख ने बताया कि प्रो शैलनट भूवैज्ञानिक फील्ड वर्क के लिए छग के सोनाखान, कोरबा, कटघोरा आदि क्षेत्रों में आए हुये और पिछले एक सप्ताह से विभिन्न चट्टानों, खनिजों का भूवैज्ञानिक अध्ययन कर रहे है। विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान प्रो शैलनट ने कहा कि भारत के जिन क्षेत्रों में वे भूवैज्ञानिक फील्ड वर्क कर रहे है, उनकी आयु लगभग 3.5 मिलियन वर्ष है। प्रो शैलनट ने भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थियों से कहा कि विषय को समझने के लिए ज्यादा से ज्यादा फील्ड वर्क ईमानदारी पूर्वक करें। प्रोफेसर के अनुसार पूरे विश्व के विद्यार्थियों का नजरिया एवं स्तर लगभग एक समान है। उन्होंने विद्यार्थियों से नये खनिज निक्षेप खोजें जाने के लिए प्रयत्न करने पर बल दिया।

इस दौरान भूगर्भशास्त्र विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी रूचि देशमुख, फाल्गुनी साहू, एवेंद्र कुमार, अर्जुन, दीपा साहू, मानसी जंघेल, झलक मिश्रा और कुसुम पटेल ने ऑनलाईन विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर भूगर्भशास्त्र विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. इन्द्रजीत साकेत और डॉ. राहुल द्विवेदी भी उपस्थित थे।

## आयोजन

# गुरुदेव सोहनलाल बापजी के समाधि दिवस पर दर्शन के लिए जुटे श्रद्धालु





**दुर्ग।** श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में चालीसगांव महाराष्ट्र के संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी का 25वां समाधि दिवस पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दरबार में सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। सुबह महाआरती की गई। इस दौरान भजन-कीर्तन की धुन में श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रकट की। दरबार में दर्शन के लिए जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व पार्षद ऋषभ जैन, श्री साई मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सुजीत गुप्ता, सुरेश साहू के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुखों ने गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। दोपहर बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान रामदेव बाबा दरबार समिति के सदस्य पायल जैन, मनीष जैन, गौरव बजाज, प्रवीण पींचा, गौरव पींचा, गोविंद बजाज, संतोष छाजेड़, आशीष सोनी, दिनेश रुपारेल, राकेश धाड़ीवाल, गौतम धाड़ीवाल, प्रशांत शर्मा, पंकज शर्मा, बंटी पारख, महावीर बाफना, मनीष छाजेड़, नरेश भंडारी, निर्मल रुपारेल, संजू पुरोहित, मोंटी सोनी, गूंजा पींचा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

## छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का समापन

# रविन्द्र संगीत, आधुनिक, भक्ति और लोक गीत की बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां, विजेता 22 को होंगे सम्मानित

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भिलाई बंगाली समाज बीबीएस द्वारा ऑल छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई में किया गया। फाइनल राउंड के बाद विजेताओं की घोषणा की गई। समाज के संरक्षक मानव सेन, अध्यक्ष सुप्रभात पाल व पूर्व अध्यक्ष डीके दत्ता ने बताया कि 22 जनवरी को ग्रुप ए और बी तथा 23 जनवरी को ग्रुप सी और डी के विजेता प्रतिभागियों का सम्मान फूड फेस्टिवल के दिन ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर में किया जाएगा।



### प्रतियोगिता में हिस्सा लेने 200 लोगों ने कराया था पंजीयन

बीएसपी आदर्श मीडिल स्कूल सेक्टर-7 भिलाई में दो दिवसीय ऑल छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संगीत प्रतियोगिता में शामिल होने करीब 200 लोगों ने अपना पंजीयन करवाया था। बच्चों द्वारा रबीन्द्र संगीत, आधुनिक, भक्ति गीत, लोक गीत, नजरूल गीत आदि की प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों को चार ग्रुप में बांटा गया था। इसमें ग्रुप ए में कक्षा दूसरी से 5 वीं, ग्रुप बी में कक्षा 6 वीं से 8 वीं, ग्रुप सी में कक्षा 9वीं से कक्षा 11 वीं और ग्रुप डी में कक्षा 12 वीं व अन्य लोग शामिल होकर अपनी प्रस्तुति दी। रविवार को फाइनल राउंड के बाद विजेताओं प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की गई। विजेता प्रतिभागियों का सम्मान 23 जनवरी ओपर एयर थियेटर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा।



### विजेताओं के नाम घोषित

ग्रुप ए में प्रथम प्रिशिता उमरे, द्वितीय अक्षत त्रिपाठी, तृतीय अशर अकिल रहे। ग्रुप बी में प्रथम कार्तिका तिवारी, द्वितीय स्वीटी मैती, तृतीय सायंतिका सिल, ग्रुप सी में प्राथम आकृति दत्ता, द्वितीय सौम्योजीत चक्रवर्ती, तृतीय पारुल सरकार, ग्रुप डी में प्रथम तुहिनाद्री सान्याल, द्वितीय बोनानी बिस्वास, डॉ. सुभद्रा रानी मित्रा तृतीय स्थान पर रहे। वहीं ग्रुप ए में संस्कार मजूमदार और जग्गोसेनी सान्याल, ग्रुप बी में सोनाक्षी बिस्वास और सहिस्त सार, ग्रुप सी में सानवी चौधरी, ग्रुप डी में तारा शंकर दत्ता, रस्मिता दास और वासवती बोस को स्वांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एमजीएम और शंकराचार्य क्रिकेट के फाइनल में



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता सेक्टर-9 के सी-3 मैदान में चल रही है। बुधवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में टीम स्वामी आत्मानंद के विरुद्ध एमजीएम ने तीन विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच लक्ष्य पारख को बीसीए के संयुक्त सचिव एन अभिलाष के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी, बृजेश पांडे विजय कनौजिया, समीर शर्मा, वेंकटरमन, प्रशांत भारद्वाज और जी प्रेमनाथ उपस्थित थे। बल्लेबाजी में स्वामी आत्मानंद स्कूल की टीम 79 रन पर आउट हो गई। अलख रेड्डी ने 25 रन और अजय शेट्टी ने 16 रन बनाएं। गेंदबाजी में एमजीएम के लक्ष्य पारख ने 4 विकेट, आयुष प्रसाद ने तीन विकेट और एलन ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में एमजीएम ने 7 विकेट पर 83 रन बनाए। सिद्धार्थ ने 23 रन और श्रेयांश ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में स्वामी आत्मानंद के अलख रेड्डी ने 4 विकेट लिए। मैच के अंपायर सुनील कुमार डड़सेना एवं हरिशंकर यादव थे। स्कोरर पल्लवी वर्मा एवं श्रेया पांडे रहे। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच एमजीएम एवं श्री शंकराचार्य स्कूल हुडको के मध्य खेला जाएगा।

### राष्ट्रीय ओपन रेस वॉकिंग में हिस्सा लेंगे छत्तीसगढ़ के एथलीट

**रायपुर।** 13वीं राष्ट्रीय ओपन रेस वॉकिंग प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को सुखना लेक चंडीगढ़ में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष 10 किमी रेस वॉक, फुल मैराथन वॉक एवं हाफ मैराथन वॉक, अंडर 20 बालक एवं बालिका दोनों ग्रुप में क्वालीफाई स्टैंडर्ड लगाया गया है। यह प्रतियोगिता क्वालीफाई स्टैंडर्ड के हिसाब से होगी, जिसमें प्रत्येक यूनिट से भाग लेंगे। प्रमुख रूप से देश भर के राज्य, केंद्र शासित और भारतीय एथलीट महासंघ से मान्यता प्राप्त यूनिट हिस्सा लेंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी।

### ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट में हिमांशु और आजम का चयन



**रायपुर।** एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी बिलासपुर के दो खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट पुरुष चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की टीम में हुआ है।

इस संबंध मे जानकारी देते हुए महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन की वजह से हिमांशु जोगी व आज़म हुसैन टीम में चयनित हुए है। कटक यूनिवर्सिटी की मेजबानी मे 11 से शुरू हुई प्रतियोगिता 18 जनवरी तक चलेगी।

### क्रिकेटर अभिनव चयनित हुए राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए



**रायपुर।** भाटापारा के क्रिकेट खिलाड़ी अभिनव यादव का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए हुआ है। वे छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व अंडर 14 कैटेगरी में करेंगे। टूर्नामेंट 15 जनवरी से प्रारंभ हो रही है। उनके चयन होने पर जनप्रतिनिधि शिवरतन शर्मा (पूर्व विधायक), पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सुनील यदु (पार्षद), दयाराम यादव (पिता), नोबिता यादव (माता), भैया राम यादव, कोच सुमित सिंह, ओंकार वर्मा, किशन भाट आदि ने बधाई दी है।

### अखिल भारतीय अंतर-विवि बॉल बैडमिंटन चैम्पियनशिप में चयन




**रायपुर।** अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन (पुरुष) चैम्पियनशिप 14 से 17 जनवरी तक भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय की पुरुष बॉल बैडमिंटन टीम सहभागिता करेगी। टीम के मैनेजर के रूप में मुकेश पेंदरिया एवं कोच के रूप में प्रभात सेठ को नियुक्त किया गया है।

## आंखों की बढ़ती समस्या के लिए विशेषज्ञ से जरूर लें परामर्श

# 40 की उम्र के बाद बढ़ने लगती हैं आंखों की समस्याएं, जरूरी नहीं मधुमेह हो मुख्य वजह

आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं, इन्हीं की मदद से हम दुनिया के नजारे ले पाते हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। विशेषकर 40 की उम्र के बाद ज्यादातर लोगों में आंखों से संबंधित समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अब कम उम्र के लोगों में भी आंखों की समस्याएं बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। बड़ी संख्या में बच्चों में कम दिखाई देने, रोशनी की कमी होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसके कारण कम उम्र में ही चश्मा लग जा रहा है।

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक है। विशेषतौर पर 40 की उम्र के बाद आपको और भी सावधान हो जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के कारण आंखों से संबंधित दिक्कतें बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। धूम्रपान, स्क्रीन के अधिक इस्तेमाल जैसी गड़बड़ आदतों के कारण आंखों पर अतिरिक्त तनाव बढ़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी कम उम्र से ही आंखों की देखभाल करते रहें। आइए कुछ उपायों के बारे में जानते हैं जिनका पालन करके आप आंखों की रोशनी को ठीक बनाए रख सकते हैं। 40 की उम्र के बाद इन उपायों



पर ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है।

### कम उम्र से ही पौष्टिक आहार पर दें ध्यान

पौष्टिक आहार संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी हैं। आंखों की रोशनी को भी बेहतर बनाए रखने, रेटिना और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने के लिए आहार में पौष्टिक चीजों का जरूर शामिल किया जाना चाहिए। ऐसा आहार जो विटामिन-ए, सी और ई, जिंक, ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हों, आंखों को स्वास्थ रखने में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, बादाम, अंडे के साथ खट्टे फलों को आहार का हिस्सा बनाकर आंखों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

### कम करें स्क्रीन टाइम

स्क्रीन टाइम यानी मोबाइल-कंप्यूटर पर बीतने वाला समय। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि आपका स्क्रीन टाइम जितना अधिक होगा, आंखों के लिए उतनी समस्याएं हो सकती हैं। हमारी आंखों में आंसू के रूप में नमी होती है। ये आंसू की फिल्म पानी के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट्स और प्रोटीन और एंजाइम से बनी होती है। लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क में रहने के कारण समय के साथ आंसू सूखने लगते हैं, हमारी आंखें शुष्क होती जाती हैं।आंखों में नमी कम होने से दर्द, लालिमा, रगड़ बढ़ जाती है जिससे आंखों की नाजुक त्वचा को क्षति पहुंच सकती है।

### आंखों का व्यायाम जरूरी

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जिस तरह से व्यायाम जरूरी है, आंखों के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है। आंखों के व्यायाम के लिए हर 20 मिनट में, कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखने की आदत बनाएं। आंखों को थोड़ी-थोड़ी देर पर बंद करके क्लाक और एंटीक्लाक वाइज घुमाएं। आंखों की मांसपेशियों को मजबूत रखने, रक्त का संचार बढ़ाने में कुछ योग के अभ्यास को काफी लाभकारी पाया गया है।

### नियमित जांच जरूरी



उम्र बढ़ने के साथ आंखों की रोशनी कम होने लगती है, पर इसकी शुरुआत काफी पहले से ही हो जाती है। हमें इसका पता तब चल पाता है जब समस्या काफी बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से आंखों की जांच कराई जाए। आंखों की कई ऐसी बीमारियां हैं जो बिना किसी लक्षण के लंबे समय तक बनी रहती हैं और अंदर ही अंदर क्षति पहुंचाती रहती हैं इसलिए वार्षिक नेत्र जांच कराना महत्वपूर्ण है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप या नेत्र रोग के पारिवारिक इतिहास वाले लोगों को साल में कम से दो बार डॉक्टर की सलाह पर जांच करानी चाहिए।



## फैसला लेने में होता है तनाव तो एक्सपर्ट की सलाह आएगी काम

कुछ लोगों को निर्णय लेने के नाम पर ही तनाव होने लगता है और इसके कारण उन्हें प्रोफेशनल लाइफ से लेकर निजी जिंदगी में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको भी निर्णय लेने में किसी तरह की समस्या पेश आती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

सही समय पर लिया गया सही निर्णय, आपके जीवन को बेहतर दिशा देने का काम करता है। इसलिए जीवन में आगे बढ़ने के लिए सही गलत के बीच चुनाव के साथ ही तुरंत निर्णय लेने की कुशलता जरूरी है। पर कुछ लोगों को निर्णय लेने के नाम पर ही तनाव होने लगता है और इसके कारण उन्हें प्रोफेशनल लाइफ से लेकर निजी जिंदगी में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको भी निर्णय लेने में किसी तरह की समस्या आती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, निर्णय लेने के वक्त होने वाले तनाव और थकान को मनोचिकित्सा की दुनिया में फैसले की थकान के नाम से जानते हैं। इस बारे में जानीमानी मनोचिकित्सक और लाइफ कोच डॉ. चांदनी तुगनैत से जानते हैं।

### कैसे पहचाने निर्णय लेने में तनाव की समस्या को

डॉ. चांदनी तुगनैत बताती हैं कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में



जहां आज निर्णय लेने की क्षमता का महत्व काफी बढ़ चुका है, वहीं बहुत सारे लोग निर्णय लेने के कौशल से अंजान हैं। ऐसे में इन लोगों के लिए सही निर्णय लेना काफी मुश्किल हो जाता है और अक्सर ऐसे लोग निर्णय लेते वक्त तनाव और मानसिक अवसाद का शिकार बन जाते हैं। बात करें लक्षणों की तो ऐसी स्थिति में लोगों को तेज तनाव, बेवजह गुस्सा आना, उदासी या मानसिक थकान महसूस हो सकता है।

### क्यों होती है निर्णय लेने में तनाव की समस्या

बात करें इसकी वजह की तो काम का अधिक तनाव और समय की कमी के कारण निर्णय लेने में समस्या आती है। आजकल लोगों के पास एक से अधिक जिम्मेदारियां होती हैं और उन सबको निभाते वक्त कई बार निर्णय लेने की प्रकिया गुजरना होता है। ऐसे में बार-बार निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यक्ति को इसके प्रति उदासीन बनाने के साथ-साथ तनाव का भी कारण देती है। जितना अधिक लोगों के पास निर्णय लेने का लक्ष्य बढ़ता जाता है, तनाव के चलते उनके निर्णय की गुणवत्ता उतनी ही घटती जाती है।

### कैसे निपटें निर्णय लेने में तनाव की समस्या से

बात की जाए इस समस्या के निजात की तो इस बारे में हमारी एक्सपर्ट डॉ. चांदनी तुगनैत का कहना है कि निर्णय लेने में तनाव की समस्या से बचने के लिए आपको निर्णय लेने के कौशल को हासिल करना होगा। इसके लिए आपके उन व्यवहारिक तरीकों को अपनाना होगा, जिनसे आप निर्णय लेने में महारत हासिल कर सकें। चलिए अब उन व्यवहारिक तरीकों और रणनीतियों के बारे में बात कर लेते हैं, जो आपको निर्णय लेने में कुशल बना सकते हैं।



## वालीबॉल में प्रतिभा दिखाई स्थानीय खिलाड़ियों ने

**रायपुर।** सड्डू खेल संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू के वालीबॉल मैदान में हुआ। लगातार 9वें साल आयोजित इस प्रतियोगिता में आसपास की 22 टीमों के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। जिनमें खम्हरिया,रायपुर ,कुसमी, नयापारा, कोनारी, अमलेश्वर, सड्डू, अंधियारखोर, बडगांव, मंदिर हसौद, ओटगन,उरकुरा

- एक दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू



,नयापारा, पथरी हाटकेश्वर,पाहंदा और कुथरौद सहित अन्य शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर मौका दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अंधियारखोर की टीम को 12000 रुपये एवं कप,द्वितीय पुरस्कार हाटकेश्वर की टीम को 7000 रुपये एवं कप, तृतीय पुरस्कार खम्हरिया की टीम को 4000 रुपये एवं कप तथा चतुर्थ पुरस्कार कुसमी की टीम को 2000 रुपये एवं कप दिया गया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अंधियारखोर की टीम ने हाटकेश्वर की टीम को 21-19,23-21,15-13 से एक बेहद रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 8 बजे सड्डू खेल संघ के अध्यक्ष पी सी निर्मलकर तथा वरिष्ठ खिलाड़ी एस एन मिश्रा के द्वारा किया गया। फाइनल मुकाबला रात को 2 बजे खेला गया। कड़ाके की ठंड में भी दर्शकों का उत्साह चरम पर था और काफी संख्या में अपनी टीम का समर्थन करते हुए वे मैदान में डटे रहे। अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार भी दिया गया, जिसमें अंधियारखोर टीम के शिवा को बेस्ट अटैकर, हाटकेश्वर टीम के हरीश को बेस्ट डिफेंसर, खम्परिया टीम के सागर को बेस्ट सर्विसर, कुसमी टीम के खिलाड़ी राकेश वर्मा को बेस्ट ब्लाकर का पुरस्कार दिया गया। सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण,विशिष्ट अतिथि पंकज शर्मा, प्रमोद साहू पूर्व पार्षद एवं ज़ोन अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सावित्री भारत धीवर (पार्षद वार्ड क्रमांक 7), महेन्द्र चंद्राकर (समाज सेवक), गोपेश साहू (पार्षद वार्ड क्रमांक 8 एवं जोन क्र 9 अध्यक्ष) और खेम सेन (पार्षद एवं एम आई सी सदस्य) मौजूद रहे।

सड्डू खेल संघ के अध्यक्ष पी सी निर्मलकर,उपाध्यक्ष राजेश साहू, सचिव शिवशंकर नायक ,कोषाध्यक्ष राम देवांगन एवं सभी सदस्यों को इस प्रकार के खेल आयोजन के लिए बधाई दी। अंत में सड्डू खेल संघ के अध्यक्ष पी सी निर्मलकर ने अतिथियों को धन्यवाद दिया।

## शिवलिंग को नंदी मुद्रा में ही क्यों स्पर्श करना चाहिए



मान्यता है कि भगवान शिव के शिवलिंग रूप की पूजा करने से समस्त दुखों से छुटकारा मिल जाता है। हालांकि शास्त्रों में शिवलिंग पूजा से जुड़े नियम भी हैं। हिन्दू धर्म में शिवलिंग पूजा का बहुत महत्व माना जाता है। मान्यता है कि भगवान शिव के शिवलिंग रूप की पूजा करने से समस्त दुखों से छुटकारा मिल जाता है। हालांकि शास्त्रों में शिवलिंग पूजा का जितना महत्व बताया गया है उतने ही इससे जुड़े नियम भी हैं। अक्सर शिवलिंग की पूजा करते समय या पूजा करने के बाद लोग शिवलिंग को स्पर्श करते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि शिवलिंग पुरुष तत्व है। ऐसे में इसे स्पर्श करने के कुछ नियम शास्त्रों में वर्णित हैं। इन नियमों का पालन आवश्यक है नहीं तो पूजा में दोष उत्पन्न होता है और फल नहीं मिलता। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि महिलाओं को शिवलिंग स्पर्श नहीं करना चाहिए लेकिन अगर भक्तिभाव में आप ऐसा करती हैं तो नंदी मुद्रा में ही शिवलिंग को छूना चाहिए। क्या है इसके पीछे का कारण और क्या होती है नंदी मुद्रा, आइये जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

### कैसे करें शिवलिंग को स्पर्श?

नंदी मुद्रा वह होती है जिसमें नंदी जी के समान ही बैठा जाता है। साथ ही, हाथों से भी यह मुद्रा बनाई जाती है। पहली और आखिरी उंगली को सीधा रखा जाता है, जबकि बीच दो उंगलियों को अंगूठे के साथ जोड़ा जाता है। इसी मुद्रा में शिवलिंग का स्पर्श महिलाओं द्वारा करना शुभ माना गया है।

कार्नर न्यूज

## किसी भी एक्सरसाइज में सावधानी बरतना जरूरी

# स्किपिंग रोप एक्सरसाइज करते हुए नहीं करनी चाहिए ऐसी गलतियां, अचानक अनफिट भी हो सकते हैं आप

फिट रहने के लिए हम सभी तरह-तरह की एक्सरसाइज करते हैं। आमतौर पर, ऐसे फिटनेस रूटीन को फॉलो करने की सलाह दी जाती है, जिसमें खुद को काफी मजा भी आए। हर व्यक्ति अपनी पसंद के अनुसार फिटनेस रूटीन को फॉलो करता है। किसी को योगा करना अच्छा लगता है तो किसी को कार्डियो। लेकिन स्किपिंग रोप या रस्सी कूदना एक ऐसा वर्कआउट है, जो हर किसी को ही पसंद आता है।

ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बचपन में भी रस्सी कूदा करते थे। बचपन का खेल अब उन्हें खुद को फिट रखने का एक बेहतरीन तरीका महसूस होता है। यकीनन रस्सी कूदना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है। लेकिन इसे सही तरह से किया जाना बेहद जरूरी है। अक्सर लोग रस्सी कूदते हुए कुछ छोटी-छोटी गलतियां करते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### हाथों को बहुत अधिक हिलाना

अक्सर लोग रस्सी कूदते हुए अपने हाथों की मूवमेंट बहुत अधिक करते हैं। खासतौर से, अगर आप एक बिगनर हैं, तो यह संभव है कि रस्सी कूदते समय



आप अपनी कोहनी या कंधों को बहुत अधिक मूव करें। यह न केवल अप्रभावी है, बल्कि अत्यधिक थका देने वाला भी है। इसलिए, जब भी रस्सी कूदें तो कोशिश करें कि आइने के सामने खड़े होकर ही करें। इससे आपको अपने बॉडी मूवमेंट को मॉनिटर करने में काफी मदद मिलेगी। याद रखें कि आपके आर्म्स अधिकतर स्थिर रहने चाहिए और ज्यादातर मूवमेंट कलाइयों से होनी चाहिए।

### बहुत ऊंचा कूदना

यह एक आम गलती है जो अमूमन लोग रस्सी कूदते हुए करते हैं। जब हम बिगनर होते हैं, तो बहुत ऊंचा कूदने की कोशिश करते हैं, ताकि रस्सी पैरों के बीच में ना फंसे। लेकिन वास्तव में ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। जब आप बहुत ऊंचा कूदते हैं तो इससे आप बार-बार अटकते हैं।

इतना ही नहीं, इससे पैरों पर अतिरिक्त जोर पड़ता है और आप खुद को जल्दी थका देते हैं। बेसिक जंप के लिए आपको ज़मीन से केवल 1-2 इंच या उससे कम ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान आपके घुटने ऊपर नहीं आने चाहिए।

### सही तरह से वार्मअप ना करना

यूं तो वर्कआउट शुरू करने से पहले हमेशा ही वार्मअप किया जाना चाहिए। लेकिन रस्सी कूदते समय इसका ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। कुछ लोग समय बचाने के चक्कर में वार्म अप नहीं करते हैं या फिर बहुत कम करते हैं। सही तरह से वार्मअप के बिना कूदने से चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए, इससे पहले आप जंपिंग जैक या जॉगिंग जैसे हल्के व्यायामों में कुछ मिनट बिताएं।

एंडवास तरीके से रस्सी कूदना

जब आप स्किपिंग रोप एक्सरसाइज करते हैं तो इसमें कई वैरिएशन किए जा सकते हैं। आप अपनी प्रैक्टिस व लेवल को ध्यान में रखते हुए इसमें वैरिएशन कर सकते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो बिगनर होते हैं, लेकिन दूसरों की देखा-देखी डबल-अंडर या क्रॉसओवर जैसे कॉम्पलेक्स मूव्स करने लगते हैं। अगर आप एकदम से एडवांस मूव्स करते हैं तो इससे आपको चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## खुलेआम रोमांटिक हुए टिमोथी-काइली; मंच पर छलके आंसू




83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड का आयोजन आज लास एंजिल्स में किया गया। इसमें अलग-अलग कैटेगरी में कई कलाकारों ने अवॉर्ड अपने नाम किया। इस बार के गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और ब्रिटिश क्राइम सीरीज 'एडोलसेंस' का दबदबा देखने को मिला। इस दौरान समारोह में कई ऐसे पल भी आए, जो अब वायरल हैं और चर्चा का विषय हैं। गोल्डन ग्लोब 2026 के कुछ ऐसे ही खास पल चर्चा का विषय रहे। जेनिफर लोपेज ने 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में भारतीय डिजाइनर सब्यसाची की डिजाइन की हुई ज्वैलरी पहनी। इसमें 18 कैरेट सोने का एक शानदार नेकलेस है, जिसमें रुबेलाइट, एमेथिस्ट और चमकदार हीरे जड़े हुए हैं। उन्होंने इसके साथ सोने के झुमके और अंगूठी भी पहनी, जिनमें भी रुबेलाइट, पुराने स्टाइल के कट और ब्रिलियंट कट हीरे लगे हुए हैं। नेकलेस के क्लैस्प पर सब्यसाची का खास लोगो- रॉयल बंगाल टाइगर बना हुआ है।

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में सिंगर-एक्ट्रेस सेलेना गोमेज अपने पति बेनी ब्लैंको के साथ पहुंचीं। इस दौरान दोनों का साथ आना तो चर्चा में ही रहा ही। साथ ही सेलेना गोमेज की ड्रेस आकर्षण का केंद्र रही, जिसे बनाने में लगभग 323 घंटे लगे। सेलेना मैथ्यू ब्लेजी द्वारा डिजाइन किए गए ऑफ-द-शोल्डर ब्लैक वेलवेट गाउन में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह गाउन सिल्क शिफॉन, ऑर्गेंजा और नाजुक पंखों की परतों से बने आकर्षक सफेद नेकलाइन से और भी खूबसूरत लग रहा था। गाउन को लगभग 200 फूलों की सजावट से सजाया गया था। गाउन की हर बारीकी, इसकी बनावट से लेकर मुश्किल कढ़ाई तक शनेल एटेलियर में लगभग 323 घंटों की कारीगरी के बाद तैयार हो पाई। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स के दौरान एक रोमांटिक पल भी देखने को मिला। मोशन पिक्चर - म्यूजिकल/कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीतने वाले टिमोथी चालमेट गर्लफ्रेंड काइली जैनर के साथ रोमांटिक नजर आए। समारोह में दोनों एक-दूसरे से रोमांटिक होते और किस करते कैमरे में कैद हुए।

### टॉलीवुड

## साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'चीकाटिलो' का ट्रेलर रिलीज, पॉडकास्टर बनी शोभिता



'चीकाटिलो' का ट्रेलर प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गया है। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में शोभिता धुलिपाला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसमें शोभिता एक सच्ची अपराध पॉडकास्टर की भूमिका निभा रही हैं। जिसका नाम संध्या है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म 'चीकाटिलो' संध्या (शोभिता धुलिपाला) की कहानी है, जो एक तेजतर्रार क्राइम पॉडकास्टर है। जो कई चौंकाने वाले अपराधों में एक पैटर्न का पता लगाती है। जैसे-जैसे वह सच्चाई के करीब पहुंचती है, उसकी अपनी जान खतरे में पड़ जाती है, जिससे इस सस्पेंस कहानी में रोमांच और बढ़ जाता है।

अभिनेता सोभिता धूलिपाला और विश्वदेव रचाकोंडा की अपराध सस्पेंस ड्रामा फिल्म 'चीकाटिलो' 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में चैतन्य विशालाक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास अहम भूमिकाओं में हैं। प्राइम ओरिजिनल फिल्म 'चीकाटिलो' का निर्देशन शरण कोपिशेट्टी ने किया है। इसका निर्माण डी. सुरेश बाबू ने सुरेश प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'चीकाटिलो' की पटकथा चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है।

### भोजपुरी

## रानी ने आम्रपाली को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं, उन्हें बताया सुपरस्टार



अभिनेत्री रानी चटर्जी ने आम्रपाली दुबे को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक प्यारा पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इसी के साथ रानी ने आम्रपाली को भोजपुरी सिनेमा का सुपरस्टार बताया है।

फिल्म 'हमारी दो भाभी' और 'द ड्रामा कंपनी' जैसे टीवी शो में एक साथ काम कर चुकीं रानी चटर्जी और आम्रपाली दुबे सह अभिनेत्री होने के साथ ही अच्छी दोस्त भी हैं। आज रानी ने आम्रपाली को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ रानी ने आम्रपाली के लिए एक खास नोट भी लिखा है।

रानी चटर्जी ने आज इंस्टाग्राम पर आम्रपाली दुबे के साथ कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ रानी ने आम्रपाली को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आम्रपाली हमेशा खुश रहो और बहुत सारा काम करो।' इसी के साथ रानी ने आगे लिखा, 'दिल से प्रार्थना है कि आपको जीवन में जो चाहिए वो सारी खुशियां मिले। बहुत सारा प्यार सुपरस्टार।' आम्रपाली दुबे और रानी चटर्जी ने सीधे तौर पर किसी एक फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में साथ काम नहीं किया है, बल्कि वे 'हमारी दो भाभी' जैसी पारिवारिक फिल्मों में साथ दिखाई दी हैं और 'द ड्रामा कंपनी' जैसे टीवी शो में भी साथ नजर आई हैं, जहां दोनों ने भोजपुरी सिनेमा के अन्य सितारों के साथ एक ही फ्रेम में काम किया है। वे अक्सर अवॉर्ड फंक्शन और स्टेज शो में एक-दूसरे के साथ देखी जाती हैं और अच्छी दोस्त हैं।




लक्ज़री ब्रांड भारतीय परिवेश में कैसे जगह बना सकते हैं, यह आज बड़ा सवाल नहीं रहा। अब भारतीय परिवेश के फैशन ट्रेंड्स में इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन काफी देखने को मिल रहा है, जिसमें पारंपरिक क्राफ्ट्स को ग्लोबल स्टाइल के साथ मिलाया जा रहा है। खास तौर पर साड़ियों को स्नीकर्स के साथ या कुर्ते को डेनिम के साथ पहनना, हवादार फैब्रिक (ऑर्गेन्ज़ा, लिनन) के ज़रिए आराम पर फोकस करना और मेटैलिक रंगों के साथ चमकीले रंगों को अपनाना शामिल है। खास लुक्स में साड़ी गाउन, एथनिक जैकेट, पलाज़ो सेट और मॉडर्न लहंगे शामिल हैं, जो सांस्कृतिक पहचान और मॉडर्न लुक के लिए रिच भारतीय टेक्सटाइल और कारीगरी की डिटेल्स को दिखाते हैं।

## सर्दियों में हाथ-पैरों की उंगलियां सूजन से हो गई हैं लाल तो उठाएं यह कदम




त्वचा और बालों के साथ-साथ सर्दी के मौसम में बहुत से लोगों के पैरों की उंगलियों में सूजन आ जाती है। सर्दियों में पैरों की उंगलियों में सूजन आने की वजह ठंडी हवाएं हैं। कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इससे राहत पा सकते हैं। सबसे पहले एक टब में गर्म पानी लें।

इसके बाद इस पानी में दो चम्मच नमक डालें। अब इस पानी में नमक को सही से घोल लें। अब अपने पैरों को 15-20 मिनट तक पानी में डालकर रखें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा। सर्दियों के मौसम में जब पैरों में सूजन आ जाती है, तो इससे राहत दिलाने के लिए प्याज आपकी मदद कर सकता हैं। इसके लिए आपको बस प्याज का रस निकालना पड़ेगा। इसे निकालने के बाद रूई की मदद से इसे सूजी हुई उंगलियों पर लगाएं। इससे पैरों की खुजली से राहत मिलेगी। इसी तरह सबसे पहले सरसों के तेल को हल्का सा गर्म करें। अब इसमें लहसुन की कलियों को डालें। जब ये पक जाए तो इस तेल को को ठंडा करके पैरों की उंगलियों में लगाएं। तेल लगाने के बाद पैरों में मोजे पहन लें। इसी तरह गैंदे के फूलों को गर्म पानी में डुबा लें। इस पानी में एक चम्मच नमक डालें। अब इसमें पैरों को डुबो लें। सरसों के तेल में हल्दी को डालकर पकाएं। अब इसे अपने पैरों में सूजन वाली जगह पर लगाएं। ये जरूर राहत पहुंचाएगा।

सर्दियों में हाथ-पैरों की उंगलियों में सूजन अक्सर ठंड से रक्त वाहिकाओं के सिकुड़ने और फिर अचानक गर्म होने पर उनमें रक्त का तेज़ी से प्रवाह होने के कारण होती है, जिससे द्रव रिसाव और सूजन होती है।इसके अलावा, खराब रक्त संचार, डिहाइड्रेशन, विटामिन बी 12 या डी की कमी, गठिया या रेनॉड सिंड्रोम जैसे कारण भी हो सकते हैं। राहत के लिए गुनगुने पानी में सेंधा नमक डालकर पैर-हाथ भिगोना, सरसों के तेल में नमक या हल्दी मिलाकर मालिश करना और शरीर को गर्म रखना मददगार होता है, पर लगातार सूजन पर डॉक्टर को दिखाएं। रक्त संचार में कमी के चलते ठंड से रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं, जिससे रक्त प्रवाह कम होता है और सूजन आती है। द्रव प्रतिधारण में शरीर खुद को गर्म रखने के लिए अतिरिक्त तरल जमा कर सकता है। टामिन B12, डी या आयरन की कमी से सूजन हो सकती है। ठंड से गठिया के लक्षण बढ़ सकते हैं। रेनॉड की घटना ठंड के प्रति अत्यधिक प्रतिक्रिया, जिससे उंगलियों का रंग बदलता है और सूजन होती है। डिहाइड्रेशन में सर्दियों में पानी कम पीने से. चोटें या एलर्जी: शीतदंश या एलर्जी भी कारण बन सकती है।

## शादी के बाद ऐसा अपनाएं पहनावा कि ससुरालवालों का दिल जीत सकें





नए घर में सभी ससुराल वालों को खुश करने के लिए लड़कियां काफी मेहनत करती हैं क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि शादी के बाद शुरुआत से ही अगर ससुराल वालों के साथ रिश्ता मजबूत हो जाए तो किसी तरह की परेशानी सामने नहीं आती। ऐसे में लड़कियां अपने ससुराल वालों का दिल जीतने के लिए काफी कोशिश करती हैं। वैसे तो इसके कई तरीके हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि अच्छे से सज-संवर कर भी आप अपने घरवालों का दिल जीत सकती हैं। जी हां, अगर आप अपने ससुराल में तरह-तरह की साड़ियां पहनकर तैयार होंगी, तो आपके घर वाले इससे जरूर खुश होंगे। आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं, कि नई दुल्हनों के ऊपर कैसी साड़ियां अच्छी लगती हैं।



### बनारसी साड़ी

ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

### चिकनकारी साड़ी

अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें।

## विंटर आउटफिट में दिखना चाहती हैं एलिगेंट, तो ऐसी शॉल करें स्टाइल



सर्दियों में महिलाएं शॉल का इस्तेमाल तो करती हैं। लेकिन, उन्हें ड्रेस के अनुसार किस टाइप के शॉल कैरी करना चाहिए इसको लेकर कई बार कंफ्यूज हो जाती हैं। अगर आपको भी समझ नहीं आता कि ठंड में कौन-कौन से शॉल को कैसे स्टाइल करें ताकि आपके आउटफिट को ट्रेंडी लुक मिले, तो आप हमारे टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। यहां हम आपको बताएंगे कि आपको अपने वार्डरोब में किस तरीके के शॉल को शामिल करनी चाहिए, जो आपके लुक को एलिगेंट टच देने के साथ ठंड से भी बचाव का काम करें।

### पश्मीना शॉल

सर्दियों में स्टाइलिश दिखने के लिए आपकी अलमारी में पश्मीना शॉल तो जरुर ही होनी चाहिए। इस शॉल में इस्तेमाल किया जाने वाला ऊन कश्मीर की एक खास प्रजाति की पहाड़ी बकरी से निकाला जाता है, जो बॉडी को काफी गर्म रखने में मदद करती है। यही नहीं, पश्मीना शॉल दिखने में भी बेहद खूबसूरत और ट्रेंडी लगते हैं। ये शॉल सॉफ्टनेस, गर्माहट और लक्जरी फील के लिए देश भर में फेमस है। इसका फैशन कभी भी खत्म नहीं होता है और आप हर ड्रेस के साथ इसे वियर कर सकती हैं।

### कढ़ाई वाले रेशमी शॉल

ठंड से बचने के लिए आपके पास अलग-अलग वैरायटी के शॉल का होना बहुत जरुरी है। इन्हीं में से एक है- कढ़ाई वाले रेशमी शॉल। सिल्क की ये खास शॉल स्पेशल और फॉर्मल दोनों ही मौके के लिए बेस्ट मानी जाती है। इसकी सबसे खास बात ये है कि आप इसे किसी भी तरीके से स्टाइल कर सकती हैं।

## खरीदें डिजाइनर स्वेटर और पाएं स्टाइलिश लुक



सर्दियों के मौसम में लोगों को गर्म कपड़े की बहुत जरूरत होती है। ऑफिस हो या कॉलेज या फिर घर पहनने के लिए ही क्यों नहीं पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को कपड़े लगते हैं। महिलाओं के कपड़ों के ऑप्शन भी ज्यादा होते हैं और उन्हें पहनने के लिए ज्यादा कपड़ों की जरूरत भी पड़ती है। यदि आप भी ऑफिस या कॉलेज के लिए सस्ते दाम में स्टाइलिश स्वेटर तलाश रही हैं, तो हम आपके लिए कुछ बेहतरीन कलेक्शन लाए हैं। ये सभी स्वेटर आपको 500 से कम में मिल जाएंगे।

### डबल बटन कोट स्टाइल स्वेटर

गर्ली लुक के लिए यह स्वेटर बेस्ट है, कॉलेज और ऑफिस समेत इस स्वेटर को आप कहीं भी पहन सकती हैं। लड़कियों के लिए यदि सस्ते में स्वेटर के ऑप्शन देख रही हैं, तो 433 रुपये में ये कोट स्टाइल स्वेटर परफेक्ट है। इसे आप मीशो से खरीद सकती हैं, ग्रे, ब्राउन और स्लेटी ये तीन रंगों में मिल जाएगा।

### बेल्ट वाली स्वेटर

स्वेटर में बेल्ट काफी अच्छा और युनिक लगता है। मीशो में इस बेल्ट वाली स्वेटर को आप मात्र 317 रुपये में खरीद सकते हैं। इस स्वेटर की डिजाइन तो अच्छी है ही साथ ही इसका कलर और पैटर्न भी यूनीक है। इस स्वेटर को साड़ी, सूट और जीन्स के साथ पेयर कर सकते हैं।

### कॉलर वाली स्वेटर

फर के साथ कॉलर वाली स्वेटर की ये डिजाइन लड़कियों और लेडीज दोनों पर खूब जचेंगी। स्लेटी ब्लैक कलर के इस स्वेटर को आप 415 रूपये में मीशो से खरीद सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट करने पर इस स्वेटर में आपको एक्सट्रा ऑफ भी मिलेगा। ऑफिस, कॉलेज और सूट, साड़ी सभी के साथ यह स्वेटर अच्छी लगेगी।

### फैंसी स्वेटर

सॉफ्ट फर वाली इस स्वेटर की डिजाइन और क्वालिटी दोनों ही बढ़िया है। इस स्वेटर को खास लेडीज के लिए डिजाइन किया गया है। आप इसे साड़ी और सूट के साथ पेयर कर सकते हैं। इस स्वेटर की डिजाइन तो अच्छी है ही साथ ही, इसका कलर भी काफी अलग है।

कार्नर न्यूज

विंटर फैशन के हिसाब से तय करें अपना स्टाइल और फैशन

## सर्दी के लिए बेस्ट फिट ब्लेजर कैसे खरीदें जरूरी टिप्स के साथ दिखिए स्टाइलिश

सर्दियों के इस मौसम में जब आप ब्लेजर लेने की तैयारी करें तो अपने लिए बेस्ट लुकिंग ब्लेजर ही चुनें। लेकिन ये चुनाव कैसे होगा? कुछ खास टिप्स इस काम में आपकी मदद करेंगे। इन टिप्स के साथ आप बेस्ट सूटेड ब्लेजर अपने लिए खरीद पाएंगे और विंटर में भी दिखेंगे, सुपर स्टाइलिश, कौन-कौन से हैं ये टिप्स, जान लेते हैं-

### ब्लेजर की लंबाई

ब्लेजर की लंबाई आपकी ऊपरी और निचली बॉडी के बीच सही बैलेंस को दिखाएगी। इसलिए ब्लेजर की सही लंबाई चुनना बेहद जरूरी है।अगर आपकी लंबाई 5 फिट 9 इंच के अंदर है तो ब्लेजर की लंबाई ऊपरी और निचले हिस्से के मध्य से थोड़ी ऊपर होनी चाहिए। यही एक तरीका है ब्लेजर की लंबाई सही चुनने का।

### बांहों की लंबाई

बांहों की सही लंबाई वो है जब आप कलाई से हाथ नीचे करें तो टॉप से बांह " तक ऊपर रहे। इस तरीके से बांह की लंबाई सही



चुनी जा सकती है। ये आपको बेस्ट लुक देगी और ब्लेजर के साथ आपका लुक अच्छा आएगा।

### कंधे हों कैसे

ब्लेजर के कंधे आपके कंधों पर फिट आने चाहिए। ये ऐसे फिट होने चाहिए कि हाथ हिलाने डुलाने पर भी इसमें लचक न आए।मतलब जब आप ब्लेजर पहनें तो हाथ उठाने या आगे-पीछे करने पर ब्लेजर के कंधे नीचे नहीं गिरने चाहिए। इनमें एक बैलेंस होना चाहिए, ताकि ब्लेजर में लुक खराब न हो अच्छा लगे।

### कॉलर का क्या हाल

ब्लेजर की कॉलर भी लुक पर गहरा असर डालती हैं। ब्लेजर की कॉलर ऐसे बनी होनी चाहिए कि ये शर्ट की कॉलर पर टिक सके। इनके बीच में ज्यादा गैप भी न हो और ये आपस में चिपकी सी भी न लगे। ये आसानी से टिकी महसूस होनी चाहिए।

### ब्लेजर के बटन

ब्लेजर के बटन को लेकर भी आपको थोड़ी स्टाइलिंग करनी होगी। बटन आपस में इतने दूर होने चाहिए कि बीच का बटन नाभि से ठीक ऊपर आ सके। ये थोड़ा सा और ऊपर हो सकता है लेकिन नीचे नहीं। ऐसा करने से बॉडी का बैलेंस खराब लगने लगेगा। इसलिए बटन के बीच की दूरी पर जरूर ध्यान दें।

